(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)




हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

थाई–हाई शॉर्ट ...8



शुक्रवार, 18 फरवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 60 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## शिकोहाबाद में अमित शाह ने बताया एसपी का नया फुल फार्म,एस से संपत्ती इकट्ठा करना और पी से परिवारवादों को सत्ता देना

लखनऊ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद की शिकोहाबाद सीट पर एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पहले दो चरणों के मतदान में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की 300 से ज्यादा सीटें रहेंगी। उन्ह्होंने कहा कि शिकोहाबाद वालों को हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूं। जहां भी नजर जाती हैं मुंड ही मुंड नजर आते हैं। मैं भगवान कृष्ण को प्रणाम करता हूं। इसी जगह



जरासंध को पराजित किया। यहां जैन और हिंदू एकता का प्रतीक है। वीर सेनानी काली चरण गुप्ता शहीद हेम सिंह को प्रणाम करता हूं। शिकोहाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सपा कहने के लिए ही समाजवादी पार्टी है। सपा के दो सूत्र हैं। स से संपत्ती इकट्ठा करना और प से परिवारवादों को सत्ता देना। जब सपा की सरकार थी तब अखिलेश के परिवार से 45 लोग अलग–अलग पद पर थे। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 1.41 करोड़ गरीबों के घर में बिजली पहुंचाई है। शाह ने सपा अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश बाबू कहते हैं कि अगर उनकी सरकार आएगी तो वह 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। अरे अखिलेश भाई आप तो बिजली ही नहीं दे पाते थे, 200 यूनिट की क्या बात करते हो। अमित शाह ने कहा कि भाजपा गरीबों, पिछड़ों, असहायों के लिए शासन करती है। सपा–बसपा पार्टी अपनी–अपनी जातियों के लिए शासन करती है। जब सपा अती थी तो एक जाति का भला होता था, जब बसपा आती थी तो दूसरी जाति का भला होता था। योगी आदित्यनाथ जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यूपी में कोई माफिया–बाहुबली है क्या? इन सभी को जेल में डालने का काम योगी जी ने किया है। यूपी में एक भी बाहुबली नहीं है। यूपी में अब बजरंग बली के अलावा कोई नहीं है।

## केआरके बोले- अगर 10 मार्च को योगी जी की हार नहीं हुई, तो नहीं लौटूंगा भारत

फिल्म एक्टर और क्रिटिक कमाल आर खान किसी न किसी वजह से हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। केआरके किसी भी अभिनेता–अभिनेत्री के खिलाफ टिप्पणी करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। लेकिन इस बार तो केआरके ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही चुनौती दे डाली है। दरअसल, कमाल आर खान ने योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए एक ट्वीट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग करते हुए अपने ट्वीट में कमाल आर खान ने लिखा कि अगर यूपी चुनाव में योगी की हार



नहीं हुई तो वह देश छोड़ देंगे। कुल मिलाकर केआरके के पूरा ट्वीट को देखा जाए तो उन्होंने लिखा कि आज मैं वचन लेता हूं कि अगर 10 मार्च 2022 को योगी जी की हार नहीं हुई तो फिर मैं इंडिया कभी वापस नहीं आऊंगा। जय बजरंगबली! केआरके के ट्वीट पर सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। यूजर्स केआरके के ट्वीट पर उन्हें फटकार रहे हैं और उन्हें ट्वीट को डिलीट करने के लिए बोल रहे हैं। एक यूजर ने तो यह तक लिख दिया श्देखना थूक के मत चाट लेना, क्योंकि आएंगे तो योगी जी हीश। एक यूजर ने उन्हें पहले ही त्प्छ बोल दिया। एक ने लिखा कि देखना वचन ही कहीं तुम्हारी ना ले ले, वैसे ऐसा ही एक वचन तुमने मोदी जी के लिए भी लिया था। आपको बता दें कि इससे पहले जाने–माने शायर मुनव्वर राना ने भी यह कहा है कि अगर उत्तर प्रदेश में दोबारा योगी आदित्यनाथ की सरकार बनती है तो वह पलायन कर जाएंगे। फिलहाल उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। अब तक दो चरण के चुनाव हो चुके हैं। पांच चरण के चुनाव अभी भी बाकी है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए नतीजे 10 मार्च को आएंगे। देखना दिलचस्प होगा कि उत्तर प्रदेश में किसकी सरकार बनती है। लेकिन कमाल आर खान ने अपनी ट्वीट से पहले ही खुद के लिए मुसीबत मोल ली है।

## केशव प्रसाद मौर्य की सिराथू सीट पर नुक्कड़ नाटक के जरिए हो रहा प्रचार

कौशाम्बी (उप्र)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य स्टार प्रचारक के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लिए पूरे प्रदेश में प्रचार कर रहे हैं,वहीं उनके अपने चुनाव क्षेत्र सिराथू में पेशेवर रंगकर्मी प्रचार में लगे हुए हैं। इस सीट पर मौर्य का मुकाबला समाजवादी पार्टी की पल्लवी पटेल से है। दिल्ली से आए थिएटर ग्रुप के एक दर्जन से ज्यादा कलाकार विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को मौर्य और भाजपा सरकार द्वारा किए गये विकास कार्यों के बारे में बता रहे हैं। थिएटर ग्रुप 'परिंदे' के प्रमुख मोहित निरहाखर ने बताया," जैसे ही नुक्कड़ नाटक शुरू होने वाला होता है, हम शो में भीड़ खींचने के लिए ढफली बजाना शुरू कर देते हैं। नाटक के जरिए हम लोगों को जागरुक कर रहे हैं और उन्हें डबल इंजन सरकार द्वारा राज्य में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे हैं।" ऐसे ही एक नाटक का विषय था कि कैसे एक स्थानीय निवासी की पत्नी पहले अपने मेहमानों के लिए झिझकते हुए चाय लाती थी और अब वह पकौड़े तथा अन्य सामान लाती है, जब अतिथि ने मेजबान से पूछा कि इस परिवर्तन का कारण क्या है तो दोस्त जवाब देता है, यह मोदी जी, योगी जी और केशव मार्य का जादू है। साथ ही उसने उज्जवला योजना के तहत मिले गैस सिलेंडर का जिक्र किया।" इसी तरह सिराथू में मेडिकल कॉलेज खोले जाने का भी प्रचार प्रसार रंगकर्मी कर रहे हैं। एक नाटक में यह भी दिखाया गया है कि शौचालयों के निर्माण से किस प्रकार से महिलाओं के जीवन



में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। समूह में 12 सदस्य हैं और वे छह–छह के समूहों में अगल अलग स्थानों पर नाटक करते हैं। मोहित ने बताया "औसतन, हम प्रतिदिन सात ऐसे नुक्कड़ नाटकों का मंचन करते हैं। कभी– कभी यह संख्या बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि समूह के सदस्य दर्शकों के साथ तुरंत जुड़ने के लिए स्थानीय का इस्तेमाल करते हैं। मोहित ने बताया कि कलाकारों का दल छह फरवरी को दिल्ली से यहां पहुंचा और वे सात फरवरी से नुक्कड़ नाटक कर रहे हैं। लोगों की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर, मोहित ने बताया, प्रतिक्रिया कुछ क्षेत्रों में अच्छी मिल रही है, जबकि कुछ क्षेत्रों में, जिन्हें विपक्षी दलों का गढ़ माना जाता है, वहां मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।" विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण में कौशांबी में 27 फरवरी को मतदान होना है। मौर्य जो खुद के सिराथू का पुत्र होने का दावा करते हैं, उनका मुकाबला अनुप्रिया पटेल की बहन पल्लवी पटेल से है और वह खुद को सिराथू की बहू बताती हैं। मोहित ने कहा कि समूह पटकथा का दैनिक आधार पर संशोधन और संपादन करता है और नए बिंदुओं को शामिल करता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका शो देखने के लिए बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में आते हैं। इसके अन्य सदस्य हैं– प्रशांत (अभिनेता, संपादक), रोहन, मयंक (अभिनेता, लेखक), प्रिया, अभिनव, गोलू, अलीशा, तनिश, दिग्विजय, विजय और आकाश। छोले–भटूरे विक्रेता शिव शंकर मौर्य (59) ने मतदान के नतीजों के बारे में पूछे जाने पर कहा, इस बार कुछ भी स्पष्ट नहीं दिख रहा है। किसी पार्टी की लहर नहीं है।" उनका बेटा सुशील जीटी रोड पर एक लावारिस सांड की ओर इशारा करता है, और कहता है, लावारिस पशुओं खासकर लावारिस सांडों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय ट्रैवल एजेंसी में चालक मनोज कुमार उपाध्याय कहते हैं," आवारा पशुओं के आवागमन से जीटी रोड पर वाहन चलते वक्त गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है और कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं।

## सेना की चिनार कर्श्प्स की शानदार पहल, कश्मीरियों को हसाने के लिए लश्न्च किया द लाफ्टर थेरेपी का ट्रेलर

**श्रीनगर** । कश्मीर स्कूल ऑफ आर्ट्स के साथ भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने श्रीनगर में एक कॉमेडी श्रृंखला श्द लाफ्टर थेरेपीश का ट्रेलर लॉन्च किया। भारतीय सेना लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित कर कश्मीर के लोगों को खुश करने और मुस्कुराने की पहल कर रही है। लाफ्टर थैरेपी का ट्रेलर ऐसी ही एक पहल है। द लाफ्टर थेरेपी यूट्यूब चौनल पर कॉमेडी सीरीज है, जो भारतीय सेना और स्कूल ऑफ आर्ट्स कश्मीर द्वारा कश्मीर के लोगों को हंसाने के लिए एक पहल है। कश्मीर के जाने माने लाफ्टर किंग नजीर जोश कॉमेडी सीरीज के मुख्य किरदार हैं जो लोगों को हंसाएंगे। बात करते हुए आयोजकों ने बताया कि कश्मीर संकट से भरा है, यहां मनोरंजन कहीं और से ज्यादा जरूरी है। इसलिए भारतीय सेना के सहयोग से हम कश्मीर के लोगों को हंसाने और खुश करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले 30 सालों से लोगों के पास मनोरंजन का कोई साधन नहीं है, इसलिए हम एक यूट्यूब चौनल श्द लाफ्टर थेरेपीश ला रहे हैं, जो कश्मीर के लोगों का मनोरंजन करेगा। कश्मीर के जाने–माने कलाकार और कॉमेडियन नजीर जोश ने प्रभासाक्षी से बात करते हुए बताया कि कश्मीर कभी मनोरंजन के लिए मशहूर था, लेकिन अशांति और उग्रवाद के कारण हम लोगों का मनोरंजन नहीं कर पा रहे थे ।

## भैया वाले बयान पर चन्नी ने दी सफाई, बोले- मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया, प्रवासी मजदूरों के लिए प्यार है

चंडीगढ़। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज है। इसी बीच मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भैया वाले बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैंने पंजाब में खलल डालने वाले लोगों की बात कही थी न की उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान से पंजाब में आकर कम करने वाले लोगों की। दरअसल, चन्नी के भैया वाले बयान के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार में घमासान मचा हुआ था। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि जो दुर्गेश पाठक, संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल जैसे लोग बाहर से आकर पंजाब में खलल डालते हैं, मैंने उनके बारे में बात की, लेकिन जो लोग उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान से पंजाब में आते हैं और पंजाब में काम करते हैं, पंजाब भी उनका उतना ही है जितना हमारा है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान का गलत अर्थ निकाला जा रहा है। पंजाब में आज तक आए सभी प्रवासी मजदूरों ने मेहनत कर विकास के पथ पर अग्रसर किया है। हमें उनके लिए केवल प्यार है, इसे कोई नहीं बदल सकता है। क्या बोले थे मुख्यमंत्री चन्नी ?: चन्नी ने रूपनगर में एक चुनावी रैली के दौरान लोगों से उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली के भैया को राज्य में प्रवेश नहीं करने देने की अपील कर विवाद खड़ा कर दिया। उनकी यह टिप्पणी संभवतरू आम आदमी पार्टी के नेताओं को ध्यान में रखकर की गई प्रतीत होती है। चन्नी ने कहा था कि प्रियंका पंजाब की बहू हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली के भैया, जो पंजाब में राज करना चाहते हैं, हम उन्हें राज्य में घुसने नहीं देंगे। चन्नी कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भी हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के संदर्भ में भैया शब्द को आम तौर पर आपत्तिजनक माना जाता है।

## हरियाणा में प्राइवेट नौकरियों में आरक्षण का मामला, 75% रिजर्वेशन पर लगी रोक एससी ने हटाई

उच्चतम न्यायालय ने निजी क्षेत्र की नौकरियों में हरियाणा के निवासियों के लिए 75 प्रतिशत कोटा संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया, राज्य को नियोक्ताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई न करने का निर्देश दिया।



हाई कोर्ट को एक महीने के भीतर इस मुद्दे पर फैसला करने के लिए कहा और राज्य सरकार को फिलहाल नियोक्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया। मामले में शामिल पक्षों से कहा कि जब उच्च न्यायालय गुण–दोष के आधार पर मामले की सुनवाई करे तो कोई स्थगन की मांग न करें। शीर्ष अदालत ने हरियाणा राज्य को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जब तक इसकी संवैधानिक वैधता का फैसला नहीं किया जाता है, तब तक इस कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाए। उच्च न्यायालय द्वारा 3 फरवरी को कानून के कार्यान्वयन पर रोक लगाने के बाद हरियाणा राज्य ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्य की ओर से दलील देते हुए कहा कि संसद या राज्य विधानसभा द्वारा पारित किसी भी कानून को संवैधानिक माना जाता है और बिना पर्याप्त कारण के उस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व अन्य औद्योगिक संस्थानों की तरफ से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने हरियाणा सरकार द्वारा बनाए राज्य स्थानीय उम्मीदवार रोजगार अधिनियम–2020 को संविधान की मूल भावना के विपरीत बताया। दवे के अनुसार ऐसे तो देश के सभी राज्य अपना अलग कानून बना लेंगे। कोर्ट ने कहा है कि अभी यह मामला नियमित सुनवाई के लिए स्वीकार भी नहीं किया गया है।

## राजनाथ सिंह आज अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में विभिन्न 3 विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे

लखनऊ। महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि 18 फरवरी को रक्षा मंत्री अपराह्न चंडीगढ़ से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से वह हेलीकॉप्टर से सरोजिनी नगर विधानसभा के अंतर्गत नरकुट खेल मैदान में प्रत्याशी राजेश्वर सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के उपरांत सभा स्थल से हेलीकॉप्टर द्वारा वापस लखनऊ एयरपोर्ट जाएंगे।

फिर सड़क मार्ग से अवध चौराहा आलमबाग के लिए प्रस्थान करेंगे जहां कैंट विधानसभा प्रत्याशी मंत्री बृजेश पाठक को भारी मतों से विजय बनाने के लिए जनता से समर्थन की अपील करेंगे।

कैंट जनसभा के उपरांत राजनाथ सिंह पश्चिम विधानसभा में राजाजीपुरम ई ब्लॉक मार्केट में आयोजित जनसभा के लिए रवाना होंगे जहां प्रत्याशी अंजनी श्रीवास्तव की विजय के लिए कमल का फूल खिलाने के लिए केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए आमजन को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि जनसभा के उपरांत रक्षा मंत्री राजाजीपुरम से सीधे दिलकुशा आवास के लिए प्रस्थान करेंगे और रात्रि को वहां रुकेंगे।




## यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों के लिए फुल एक्शन मोड में भारत, कंट्रोल रूम बनाए, हेल्पलाइन नं किया जारी, अब लिया ये बड़ा फैसला

नई दिल्ली। यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों के लिए भारत की सरकार फुल एक्शन मोड में है। सरकार की तरफ से अपने नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालने के लिए कोशिशें भी तेज कर दी गई हैं। केंद्र सरकार की तरफ से दिल्ली और कीव में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। इसके साथ ही भारतीयों की सहायता के लिये 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। अब भारत सरकार ने आज उड़ान पर लगे प्रतिबंध को भी हटा दिया है।

उड़ानों पर से हटा प्रतिबंध नागर विमानन मंत्रालय ने एयर बबल व्यवस्था के तहत भारत–यूक्रेन के बीच उड़ानों की संख्या और उड़ान के दौरान सीटों की संख्या पर प्रतिबंध को हटा दिया है। अब किसी भी संख्या में उड़ानें और चार्टर उड़ानें संचालित हो सकती हैं। नागर विमानन मंत्रालय एमईए के साथ समन्वय स्थापित किए हुए है। मंत्रालय के अधिकारी की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार भारतीय एयरलाइंस को उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए कहा गया है। अभी यूक्रेन से यूक्रेनियन इंटरनेशनल एयरलाइन, एयर अरेबिया, फ्लाई दुबई और कतर एयरवेज की उड़ानें चल रही हैं। अतिरिक्त मांगों को पूरा करने के लिये आने वाले समय में और उड़ानों की योजना बनाई जा रही है।



यूक्रेन में रह रहे भारतीयों को अस्थायी रूप से वहां से हटने की सलाह दी

भारत ने यूक्रेन में रह रहे अपने नागरिकों को अस्थायी रूप से वह देश(यूक्रेन) छोड़ने की सलाह दी गई। यूक्रेन की सीमा पर रूस द्वारा अपने सैनिकों का जमावड़ा बढ़ाने को लेकर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और मास्को के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत ने यह कदम उठाया है। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने एक परामर्श में भारत के नागरिकों को यूक्रेन की और यूक्रेन के अंदर सभी गैर–जरूरी यात्रा से बचने को कहा है। इसमें कहा गया है, ''यूक्रेन में मौजूदा स्थिति की अनिश्चितताओं के मद्देनजर वहां भारतीय नागरिक, खास तौर पर छात्र, जिनका रहना जरूरी नहीं है, अस्थायी रूप से देश (यूक्रेन) छोड़ने पर विचार कर सकते हैं।'' यूक्रेन में रह रहे भारतीयों की संख्या की जानकारी अभी नहीं है।

भारतीयों की मदद के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

रूस–यूक्रेन तनाव के मद्देनजर भारत ने यूक्रेन में भारतीय नागरिकों की मदद एवं सूचना प्रदान करने के लिये बुधवार को एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया। इसके अलावा यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने वहां भारतीयों की सहायता के लिये 24 घंटे का हेल्पलाइन शुरू किया है। कीव में भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि उसे यूक्रेन से भारत के लिये उड़ानउपलब्ध नहीं होने के बारे में कॉल मिल रहे हैं लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे इससेपरेशान नहीं हों और भारत यात्रा के लिये जल्द उपलब्ध उड़ान में बुकिंग करायें।

# जे. पी. आन्दोलन के चर्चित आन्दोलनकारी सी. बी. सिंह के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

बहराइच। मशहूर छात्र नेता रहे, जे. पी. आन्दोलन के प्रमुख स्तम्भ व आजीवन आन्दोलकारी रहे एडवोकेट सी. बी. सिंह का आज सुबह 76 वर्ष की अवस्था में मऊ स्थित आवास पर निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। आज ही दोपहर में उनका अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गांव अतसुवा, थाना– रसड़ा, जिला दृ बलिया में किया गया। उनके निधन की सूचना मिलने पर उनके पैतृक गांव में उनके अन्तिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उनका अन्तिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय एस. डी. एम. ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रध्दांजलि दिया। सी. बी. सिंह सत्तर–अस्सी के दशक में पूरे देश में क्रांतिकारी छात्र नेता के तौर पर मशहूर थे। जे. पी. आन्दोलन के दौरान गठित छात्र–युवा मोर्चा के वे अध्यक्ष थे। उनके निधन की सूचना पर देश के विभिन्न हिस्सों से लोगों ने उन्हें याद कर श्रध्दांजलि दिया। श्रध्दांजलि देते हुए लोगों ने कहा कि सी. बी. सिंह का निधन हमारे देश के क्रांतिकारी आंदोलन की बहुत बड़ी क्षति है। उम्र के इस पड़ाव पर उनकी क्रांतिकारी सक्रियता और समाजवाद के प्रति समर्पण में कोई कमी नहीं आई थी। उनके 55 वर्ष सक्रिय क्रांतिकारी जीवन का बड़ा हिस्सा जेलों में और हर तरह के जन आंदोलनों में बीता। आपातकाल में कांग्रेसी हुकूमत के खिलाफ वे जिस बहादुरी से लड़े, छात्रों–नौजवानों–किसानों–श्रमिकों को नेतृत्व दिया और उसी लगन से वे मौजूदा तानाशाही– फासीवादी हुकूमत का भी विरोध किया।

उनकी सादगी, नैतिकता, बहादुरी, त्याग और माक्सर्वादी समझ गहराई से प्रभावित करती थी। एक तरह से वे क्रांतिकारी ताकतों की एकता, संघर्ष के प्रतीक थे। उनका पूरा जीवन समाजवाद– साम्यवाद के प्रति समर्पित रहा। उनके निधन पर लोकतंत्र सेनानी संगठन के अध्यक्ष महावीर सिंह, पीपुल्स यूनिटी फोरम के संयोजक वीरेंद्र त्रिपाठी, आल इंडिया वर्कस कौंसिल के अध्यक्ष ओ. पी. सिन्हा, नागरिक परिषद के संयोजक रामकृष्ण, सोशलिस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष रामकिशोर, जन संस्कृति मंच के कौशल किशोर, वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता के. के. शुक्ला, भगवती सिंह, मंजूर खान, लक्ष्मी नरायण, ज्योति राय, अजय शर्मा, श्रीकृष्ण, डा. नरेश कुमार, डा. सतीश श्रीवास्तव, अवतार सिंह बहार सहित अन्य लोगों ने सी. बी. सिंह के जीवन संघर्ष को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# पुलिस ने 550 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्तकिया गिरफ्तार

बहराइच।पुलिस अधीक्षक केशव चौधरी द्वारा रोकथाम जुर्म जरायम हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुंवर ज्ञानंजय सिंह व क्षेत्राधिकारी पयागपुर राजीव कुमार सिसोदिया के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आज क्षेत्र में भ्रमण व देख भाल के दौरान थाना क्षेत्र पयागपुर के अन्तर्गत इन्द्रापुर के पास से एक अभियुक्त मुसम्मी वरुण पुत्र घनश्याम नि0 इन्द्रापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच को 550 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 32ध2022 धारा 8ध20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना की जानकारी के अनुसार आज क्षेत्र में भ्रमण व देख भाल के दौरान इन्द्रापुर में अचानक एक व्यक्ति झोला लेकर पुलिस को देख कर भागने की कोशिश करने लगा तब पुलिस द्वारा दौड़ा कर पकड कर तलाशी ली गई तो अभियुक्त मुसम्मी वरुण पुत्र घनश्याम उम्र 38 वर्ष नि0 इन्द्रापुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच के पास से 550 ग्राम अवैध नाजायज गांजा बरामद हुआ। तत्पश्चात अभियुक्त को हिरासत में लेकर अभियुक्त के विरुध्द थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 32ध2022 धारा 8ध20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## सदर क्षेत्र मे सपा प्रत्याशी के पक्ष मे डोर–टू–डोर किया सम्पर्क

बहराइच। सदर बहराइच के विभिन्न क्षेत्रों सरसा, रेवली, खुटेहना में जनसम्पर्क के माध्यम से सदर बहराइच से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व विधायक यासर शाह के लिए उनके प्रतिनिधि जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने पार्टी के अन्य नेताओं यशपाल सिंह प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा, रामजी यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, नंदेश्वर नंद यादव , बलवीर वर्मा आदि साथियों ने डोरटूडोर पहुँचकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर वहाँ उपस्थित सभी देवतुल्य जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त किया और 27 फरवरी को सदर से प्रत्याशी यासर शाह को अधिक से अधिक वोट देकर विजयी बनाये और अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। अर्जुन गुप्ता कार्यालय सचिव जिला सोशल मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी ने बताया कि जनता मौजूदा सरकार से ऊब चुकी है।वो हर स्तर पर परेशान व पीड़ित है।इसलिए वह इस चुनाव मे सपा का समर्थन कर रही है जिससे भाजपा के लोग घबराए हुए है।

# प्रधानमंत्री 22 फरवरी को पयागपुर में 13 विधानसभा के मतदाताओं को करेंगे संबोधित

## प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा को लेकर पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

बहराइच।पांचवे चरण के चुनावी समर के बीच पार्टियों द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है।जनपद में आगामी 27 फरवरी को चुनाव है।यह जनपद नेपाल सीमा व धार्मिक नगरी अयोध्या से जुड़े होने के कारण काफी अहम माना जाता है।चुनावी बिगुल में तेजी व मतदाताओं की नब्ज को टटोलने के लिए आगामी 22 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पयागपुर के शिवदहा मोड़ पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।पीएम जनसभा के माध्यम से जनपद सहित,गोंडा श्रावस्ती की कुल 13 विधानसभा के मतदाताओं से रूबरू होंगे।पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर भाजपा संगठन ने भी तैयारियां शुरू कर दी है। चन्द्रिकापुरी स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम तैयारी की रूपरेखा व पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने की वही रैली प्रभारी आगरा महानगर भाजपा अध्यक्ष भानू महाजन बनाये गए है जो बैठक के दौरान मौजूद भी रहे।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को पयागपुर के शिवदहा मोड़ निकट विधुत उपकेंद्र पर प्रधानमंत्री मोदी की रैली प्रस्तावित है।रैली में बहराइच गोंडा,श्रावस्ती के कुल 13 विधानसभा के मतदाता पीएम के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।जिसके लिए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है।जिसमें पड़ोसी जिलों से समन्वय के लिए चन्द्रभान सिंह संचित,व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय को सौंपा गया है।वहीं मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी पार्टी उपाध्यक्ष रणविजय सिंह व प्रशांत मिश्र को मिली है।वही प्रशासनिक व्यवस्था प्रमुख श्रवण शुक्ला बनाये गए है।जबकि कॉटेज व सेफ हाउस की जिम्मेदारी जिला महामंत्री नन्हे लाल लोधी व पार्टी कोषाध्यक्ष राजन सिंह को दी गयी है।उन्होंने बताया कि रैली में भारी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी के लिए डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, ललिता चक्रवर्ती, ज्योति सिंह व उर्मिला शुक्ला को दायित्व सौंपा गया है।वहीं रैली में अभिनव प्रयोग की जिम्मेदारी पार्टी महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला मंत्री हेमा निगम को सौंपी गई है।उन्होंने बैठक में आगे बताया कि हेलीपैड की जिम्मेदारी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह जीतू,पंकज सिंह,कृष्णदेव शुक्ला व सत्य नारायण तिवारी को सौंपी गई है।वही रैली के सफल आयोजन व मीडिया से समन्वय के लिए जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र मिश्रा,सह मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव व चौधरी पूरन सिंह को जिम्मेदारी दी गई है वही अन्य पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारिया सौंपी गई।बैठक में रैली प्रभारी भानू महाजन ने कहा कि पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एकजुटता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सफल बनाना है।

बैठक में जिला प्रभारी नीरज सिंह, देवेंद्र मिश्रा, सचिन श्रीवास्तव, चौधरी पूरन सिंह, अरुणेंद्र सिंह अंकित, सुरेश गुप्ता,प्रमोद पाण्डेय, जीत बहादुर सिंह,प्रमित शुक्ला,प्रदीप त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला,सुनील श्रीवास्तव, आनंद पांडेय,दुर्गेश सिंह,राहुल रॉय,किंचू मिश्रा,दीपक सत्या,डॉ. डिंपल जैन,अखिलेश यादव, सतीश सिंह,नितिन रूपानी, आनंद मिश्रा,हरिश्चंद्र गुप्ता,डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, अरुण मिश्रा, कुंदन सिंह लोधी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## के.डी.सी. में सम्पन्न हुआ मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से के.डी.सी. में 17 से 20 फरवरी 2022 तक आयोजित होने वाले मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान कार्मिक व्यवस्था की प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र व जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा द्वारा सैद्धान्तिक तथा प्रधानाचार्य राजकीय आई.टी.आई. प्रदीप अग्रवाल व पाफलीटेक्निक के बी.आर. वर्मा द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का मुख्य स्तम्भ स्वतन्त्र, निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन है। सीडीओ ने मास्टर ट्रेनर्स का आहवान किया कि मतदान कार्मिकों को व्यवहारिक तथा तकनीकी दोनों पक्षों में निपुण कर दें ताकि उन्हें मतदान की प्रक्रिया के दौरान कोई समस्या न आये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सहित मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

## राजकीय आश्रम पद्धति कॉलेज में दिलायी गयी मतदाता जागरूकता की शपथ

बहराइच।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी अर्ह नागरिकों को नाम सम्मिलित कराये जाने तथा आसन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के मतदान में जनपद के शत–प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) अन्तर्गत राजकीय आश्रम पद्धति बालिका इंटर कॉलेज रिसिया बहराइच में मतदाता अभियान के अंतर्गत ग्राम दोबाहा, शंकरपुरवा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर छात्राओं ने ग्राम में ग्रामीण वासियों को 27 फरवरी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करते हुए छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग किया तथा रूबी, सूभी, मुस्कान प्रीति आदि छात्राओं ने मतदान के महत्व पर नारे लगाए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ संदीप त्रिपाठी, डॉ अरुण मिश्रा, टी वी सिंह, अमरपाल, रजनी पाठक, सुश्री प्रीति, प्रदीप वर्मा , प्रतिमा मिश्रा, मनोज व विद्यालय के अन्य कर्मचारी मंगल, अशर्फी, जया, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त तमंचे के साथ गिरफ्तार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई है। क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने गैंगस्टर के मुकदमे में वंचित एक युवक को 315 बोर के अवैध तमंचे के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अक्षय कुमार पटेल, कांस्टेबल गंभीर सिंह व संतोष कुमार के साथ थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी बीच मुखबिर ने पुलिस टीम को सूचना दी कि यू पी गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित कुचेरा बाजार निकट पीएनसी प्लांट के पास खड़ा होकर कहीं जाने के लिए किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक अक्षय कुमार पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने गैंगेस्टर के आरोपी अभियुक्त को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस टीम थाने ले गई।

प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी फिरोज अहमद खां पुत्र मुस्तफा निवासी इल्तिफातगंज थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर के खिलाफ मु अ सं 53ध22 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट, मुकदमा अपराध संख्या 731ध20 धारा 3ध5 कध्ख गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 307,504 आईपीसी व मुअसं 372ध20 धारा3ध25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। पकड़े गए वांछित अभियुक्त के विरुद्ध विनय नगर पुलिस ने बरामद अबे तमंचे के आधार पर धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

## चुनाव के लिए प्राइवेट वाहनों को भी करें अधिग्रहण: कमिश्नर

अयोध्या। विधानसभा चुनाव 2022 में हल्के वाहनों की उपलब्धता और आवश्यकता की मंडलायुक्त ने बुधवार को समीक्षा की। कहा कि प्राइवेट वाहनों को भी चुनाव के लिए अधिगृहीत करें। मंडलायुक्त नवदीप रिणवा की समीक्षा बैठक में अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, बाराबंकी एवं अमेठी जनपद के अधिकारियों ने भाग लिया। कमिश्नर ने कहा कि जनपदों में शासकीय वाहन अयोध्या में 70, अम्बेडकरनगर में 35, सुल्तानपुर में 68, बाराबंकी में 54 व अमेठी में 24 के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार परिवहन विभाग के अधिकारी नियमानुसार प्राइवेट वाहनों को उपलब्ध कराएं। जिसमें अयोध्या में 736, अम्बेडकरनगर में 1033, सुल्तानपुर में 769, बाराबंकी में 793 एवं अमेठी में 427 वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए सक्रियता बढ़ाने के निर्देश मंडल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं। कहा कि जिलों में तलाशी अभियान को तेज कर दिया जाए साथ ही बॉर्डर एवं जनपद के भीतर हर जगह संघ तलाशी अभियान चलाया जाए।

## लोक और तंत्र दोनों को मजबूती के लिए करें शतप्रतिशत भागीदारीः संजय

अयोध्या। समूचे विश्व मे केवल हम भारतभूमि के प्रति मातृ भाव और प्रकृति के कण कण में राम होने का पवित्र भाव व्यक्त करते हैं। इसकी मान प्रतिष्ठा के प्रतीक अक्षुण रहें, सभी सानन्द सुरक्षित संतुष्ट और स्वस्थ रहें इसलिए हमने स्वतंत्रता के बाद जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्वीकार किया उसमें हमारी शत प्रतिशत भागीदारी होनी चाहिए। यह विचार विभाग प्रचारक संजय ने सलारपुर सेवा बस्ती में सेवा भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रमंगल आरती में व्यक्त किये।स्वास्थ्य प्रमुख डा उपेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा यद्यपि कोरोना संक्रमण के आंकड़े कम हुए हैं फिर भी सावधानी बरतनी आवश्यक है,वैक्सीन की पूरी डोज के बाद मतदान के लिए पंक्तियों में स्वयं ही शारीरिक दूरी, मास्क, सेनेटाइजर का प्रयोग करना चाहिए, जिससे हमारे शरीर को, और वोट से लोकतंत्र की इम्युनिटी मजबूत हो। कमजोर इम्युनिटी संक्रमण और विकारों व्याधियों को पनपने का अवसर देती है। हरिओम ने कहा गांवों की अपेक्षा शहरों में कम मतदान बताता है कि हमें ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है मतदान के नागरिक कर्तव्य का पालन करना चाहिए। संस्कार प्रमुख कलावती मिश्र ने रामभक्त बजरंग बली व मां शारदा की आरती कराई।आरती में सेवा बस्ती के आस पास परिवारों की 75 से अधिक माताओं बहनों ने आरती में भाग लिया, आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

## मयूरी तिवारी ने भी ग्रहण की सपा की सदस्यता

मिल्कीपुर–अयोध्या। पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व मिल्कीपुर विधानसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में यहां से लोकसभा का चुनाव आम आदमी पार्टी के टिकट पर लड़ चुकी मयूरी तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इसी क्रम में दर्जन भर से ज्यादा बसपा कार्यकर्ताओं ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री व मिल्कीपुर विधानसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने बताया कि समाजवादी पार्टी की ओर समाज का हर वर्ग आशा भरी निगाहों से देख रहा है ,ऐसे में समाजवादी पार्टी ने भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की शपथ ली है। उन्होंने बताया कि बड़ी तादाद में लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं विधानसभा चुनाव के बाद जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा ।पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में आम आदमी पार्टी से लोकसभा चुनाव लड़ चुकी मयूरी तिवारी ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर लिया। इसके अलावा तमाम बसपा कार्यकर्ताओं ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ।उन्होंने बताया कि आज बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सपा जॉइन करने वालों में महाराज दीन कोरी, राम लौट, देवकली गौतम, श्रीचंद ,रमेश तिवारी, संतोष उपाध्याय आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव बख्तियार खान विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव महासचिव यदुनाथ यादव रामजी पाल राम लहू यादव महेश कुमार शर्मा हाफिज फैजान तुलसीराम यादव रहीस खान रामसुंदर सरोज मदन यादव सोहनलाल सिराज अहमद मोहम्मद शमीम अंसार अहमद खान राजकुमार शिल्पकार हरिराम कोरी हरि बक्स सिंह सुभाष यादव दाता दीन यादव सुनील कुमार कोरी आदि लोग मौजूद रहे ।

## डीएम के निरीक्षण में 06 अध्यापक मिले अनुपस्थित

अयोध्या। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी नितीश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत विधानसभा अयोध्या के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। विधानसभा बीकापुर के मतदेय स्थल कम्पोजिट विद्यालय खिरौनी सोहावल के बूथ संख्या 135 व 136 में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विद्यालय में शौचालय, साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने साल्हेपुर निमैचा शिक्षा क्षेत्र सोहावल में बूथ संख्या 108, 109 व 110 का निरीक्षण किया तथा पंजिका रजिस्टर में अध्यापकों के उपस्थिति का भी जायजा लिया, जिसमें एक शिक्षा मित्र उपस्थित तथा 6 अध्यापक अनुपस्थित पाये गये। उक्त मतदान केन्द्रों के समस्त बूथों पर मतदान को सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्बंधी शेष समस्त तैयारियों को भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## इनायत नगर पुलिस के प्रेसनोटों में अभी भी शैलेंद्र कुमार सिंह एसपी ग्रामीण

मिल्कीपुर। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह का भले ही 2 माह पूर्व गैर जनपद स्थानांतरण हो गया है और उनके स्थान पर नए एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर की तैनाती भी हो गई है। किंतु इनायत नगर पुलिस अभी अपने थाने से जारी किए जाने वाले प्रेस नोट सहित अन्य अभिलेखों में उन्हीं शैलेंद्र कुमार सिंह को ही एसपी ग्रामीण मान रही है। क्योंकि इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह द्वारा थाने से जारी किए जाने वाले प्रेस नोटों में विगत कई बार से एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह के ही निर्देशन में थाना पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सहित अन्य गुड वर्क किया जाना मान रही है।

## सपा में शामिल लोगों का होगा सम्मानः पवन पांडेय

अयोध्या। समाजवादी पार्टी ने अपने कुनबे में बढ़ोतरी करते हुए आज कैंटोनमेंट बोर्ड के पार्षद शादाब आलम और नियावां वार्ड से पार्षद प्रत्याशी रहे नावेद सिद्दीकी ने अपने कई दर्जनों साथियों के साथ बहुजन समाज पार्टी छोड़कर अयोध्या से समाजवादी प्रत्याशी पूर्व मंत्री पवन पांडेय के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने और अयोध्या से पवन पांडेय को विधायक बनाने का संकल्प लिया।

सदस्यता दिलाते हुए पवन पांडेय ने कहा कि इन दोनों से समाजवादी पार्टी में शामिल होने से निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी को और अयोध्या विधानसभा को इसका लाभ मिलेगा । शादाब आलम के साथ शामिल होने वालों में नावेद राईनी , सरजू कनोजिया , अतुल सोनकर , रोबिन बारटी , धर्मेंद्र सिंह थापा , रमेश सोनकर , राजू यादव , अंकित , अमित आदि लोग रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोहम्मद कमर राईनी और संचालन कैंट पार्षद मोहम्मद अपील बबलू ने किया ।

## त्रिलोदकी गंगा के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने ब्लॉक सोहावल के ग्राम गौरा ब्रह्मनन में तमसा नदी से निकली त्रिलोदकी गंगा जो ग्राम अरथर होते हुए ब्लॉक पूरा बाजार के ग्राम राजेपुर में सरयू नदी में मिलती है के जीर्णोद्धार के कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित उप जिला अधिकारी सोहावल को निर्देश दिए कि जिन–जिन गांव में नदी की नाप का कार्य नहीं हुआ है उसे शीघ्र पूरा कराया जाए तथा डीसी मनरेगा को मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम ब्रह्मनन में 35 व ग्राम अरथर मैं 59 मजदूर कार्य करते मिले। डीसी मनरेगा ने बताया कि इससे पूर्व तमसा नदी के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव, डीसी मनरेगा नागेंद्र त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी सोहावल राकेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव में कपिलवस्तु के सोहांस व लोटन मार्ग पर खिलेगा कमल ?

## सोहांस व लोटन मुख्य मार्ग जगह जगह जर्जर होने से राहगीर परेशान,बना चुनावी मुद्दा





राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहांस/सिद्धार्थनगर। विधानसभा चुनाव में जहां हर एक मुद्दा विपक्षियों के लिए वरदान साबित हो रहा है वही कपिलवस्तु विधानसभा में बीजेपी प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक श्याम धनी राही के सामने सोहांस व लोटन मुख्य मार्ग एक समस्या के रूप में उभरकर सामने आ गया है जहां विपक्ष ने सोहांस व लोटन मुख्य मार्ग को मुख्य मुद्दा बनाया गया है वहीं श्याम धनी राही का बार–बार यह कहना कि टेंडर हो गया है सड़क जल्दी बनेगी जनता को विश्वास में नहीं दिला पा रहे है आपको बता दें कि जनपद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत लोटन बाजार से तेतरी बाजार व मुख्यालय को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बुरी तरह जर्जर हो गया है। वर्तमान समय मे इस सड़क की हालत बेहद दयनीय है। राहगीरों का आवागमन इस मार्ग से ही निरंतर होता रहता है। लगभग बीस किलो मीटर लंबी सड़क का सफर मोटर साईकिल से तय करने में लगभग एक घंटा लग जाता है। सड़क बुरी तरह जर्जर होने से जहाँ पचीस मिनट में रास्ते को तय किया जा सकता है ।वही उसी रास्ते को तय करने में घंटों लग जाते हैं । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह सड़क लगभग कई वर्षों से इसी हाल में है। सड़क के बीचों बीच बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं।सड़क इतनी जर्जर है कि जब कभी बारिश हो जाती है तो बड़े बड़े गड्ढों में पानी भर जाता है । राहगीरों को उस वक्त भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। यहाँ तक कि उनको यह समझ नही आता कि वह किस तरफ से निकले । कई बार ऐसा होता है कि लोग उसी में फस के गिर जाते हैं। क्या आम लोगों की समस्याएं दूर नही होनी चाहिए? आखिर आम जनता की समस्यायों का निस्तारण कब होगा? वही उसी सड़क से जुड़ी एक और सड़क जो उसका से मोहना तक जाता है इस सड़क की भी हालत बद से बदतर है । इस सड़क के अंतर्गत नगवां, सोहंस ,अमवा,डिहवा, विशुन पुर, गनेरा, मदरहना महदेवा, सेखुईया आदि चौराहों पर सड़क की बहुत ही दुर्दशा है । जरा सी बारिश होने पर सड़कों पर ही गंगा जमुना बहने के साथ साथ कीचड़ का भरमार हो जाता है । और मजबूरन लोगों को उसी कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क टूटी होने के कारण दुर्घटना की सम्भावनाये बानी रहती है। अब देखना है कि क्या पूर्व विधायक श्याम धनी राही लोगों को समझा कर अपनी बातों से संतुष्ट कर पाते हैं और सोहांस व लोटन क्षेत्रों में कमल को खिला पाते हैं यदि कमल नहीं खिलता है तो भाजपा प्रत्याशी को दिक्कतें हो सकती है।

**उसमान**
लोटन से नौगढ़ मार्ग



बहुत ही खराब है मीटर सायकिल चलाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है अगर सड़क बन जायेगा तो बहुत अच्छा होगा।

**डॉ. परम पथिक**
मैं इस विधानसभा का



निवासी हूँ मेरे इस विधान सभा मे पानी व बिजली की बहुत बड़ी समस्या है यहां जो भी प्रतिनिधि हैं कोई ध्यान नही दे रहे हैं।

**फरीद अहमद सल्फी**
जहाँ तक मेरा ख्याल है




यह रोड मोहम्मद मुकीम साहब जब सांसद थे तो यह सड़क प्रधान मंत्री निधि से यह सड़क ब से बना था। उसके बाद से धीरे धीरे करके सड़क टूटी लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया । वर्तमान में इस सड़क का शिलान्यास हो गया है और धन भी आवंटन हो गया है अखब्बरों के माध्यम से हमने पढ़ा भी है अगर यह सड़क बन जाता है तो इलाके की जनता को सुख और आनंद मिलना शुरू हो जाएगा।

**अनवर खान**
सोहांस बाजार में बारिश



के समय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क टूटी होने के कारण लोग परेशान हो जाते हैं।

**आदित्य मणि त्रिपाठी**
लोटन सोहास व तेतरी



मार्ग जो सीधा मुख्यालय को जोड़ती है इसका शिलान्यास हो गया है जल्द ही काम शुरू होगा।

**महबूब आलम**
विगत कई वर्षों से यह सड़क खराब पड़ी है जगह



जगह टूट गया है सड़क बनने से लोगों की आवागमन से संबंधित परेशानियां दूर हो जाएंगी।

# क्या बाहर के नेता को विधायक बनाएगी शोहरतगढ़ विधानसभा की जनता, बड़ा सवाल

## भाजपा के जिले के दिग्गज नेता नहीं ले रहे कोई रुचि

चंदन कुमार श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मियां तेजी से बढ़ रही है अपना दल ने गोरखपुर निवासी विनय वर्मा को शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा कार्यकर्ता ना होने व बाहरी प्रत्याशी होने के कारण भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित नजर नहीं आ रहे हैं,ना ही जिले के जिम्मेदार भाजपा नेता शोहरतगढ़ विधानसभा चुनाव में रुचि ले रहे हैं। शोहरतगढ़ विधानसभा की जनत बाहरी होने का हवाला देकर इनको नकार रही है। भाजपा अपना दल प्रत्याशी विनय वर्मा के खिलाफ गंभीर धाराओं में कई मुकदमा दर्ज है। पूर्वांचल के राजनीति के मैदान में उतरे दिग्गजों में भ्रष्टाचार अधिनियम का मुकदमा किसी भी प्रत्याशी के नाम ना था,लेकिन शोहरतगढ़ के भाजपा अपना दल समर्थित विधानसभा प्रत्याशी विनय वर्मा के खिलाफ मेरठ में 2015 में भ्रष्टाचार अधिनियम का मुकदमा दर्ज है। नोएडा के



सेक्टर 20 में दो,सेक्टर 24 दो, मेरठ के सूरजपुर थाना में एक एक मुकदमा दर्ज है। विनय वर्मा के ऊपर लूट का प्रयास, विश्वास का अपराधिक हनन,बिना अनुमति के किसी के घर में घुसकर हमला करने, धोखा धडी आदि मामलों में आरोपित है। मेरठ में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम चल रहा है। सभी मामले न्यायालय में विचाराधीन है। इससे यह स्पष्ट होता है विनय वर्मा के उपर अपराधिक दर्ज रहा है,क्या शोहरतगढ़ की जनता बाहर के नेता को अपना विधायक बनाएगी।

### शोहरतगढ़ में नही दिख रहे भाजपा के नेता

दैनिक बुद्ध का संदेश

भाजपा विधानसभा क्षेत्र के पांचो मंडल अध्यक्ष,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, भाजपा नेता सिद्धार्थ चौधरी, जिला अध्यक्ष गोविंद माधव समेत कोई भाजपा पदाधिकारी, अपना दल प्रत्याशी के साथ रुचि नहीं ले रहा है। जो भाजपा के लिए बहुत बड़ी खतरे की घंटी साबित हो सकती है। शोहरतगढ़ विधानसभा में सवाल पैदा हो रहा है, शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव, सिद्धार्थ चौधरी, साधना चौधरी, लालजी त्रिपाठी समेत दर्जनों जुझारू और मेहनती कार्यकर्ता थे तो भाजपा अपना दल को बाहरी व अपराधी अपराधिक इतिहास वाला उम्मीदवार क्यों घोषित करना पड़ा, जो कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व के गले की फास बन रहा है।

## युवा नेता अभिषेक पाल ने बीजेपी प्रत्याशियों को जिताने के लिए की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज



चुका है विधान सभा वार प्रचार प्रसार जोरों शोरों में हो रहा है डुमरियागंज के लोकप्रिय सांसद जगदंबिका पाल के पुत्र एवं वरिष्ठ बीजेपी नेता अभिषेक पाल भी जोर शोर से विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए लगातार बैठकर कर जनसंपर्क कर रहे हैं आज अभिषेक पाल ने सभी विधानसभाओं के युवा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सरकार की नीतियों को गांव–गांव तक ले जाकर लोगों को बीजेपी प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करने की बात कही। इस दौरान उनके साथ जनपद के सैकड़ों युवा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बड़ी लापरवाही, कैसे जांएगे बूथ तक इवीएम और मतदान कर्मी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास खंड लोटन के ग्राम बड़हरा परसौना सम्पर्क मार्ग का रास्ता पिछले 4 माह से फोरव्हीलर गाड़ियों के



लिए अवरुद्ध है। ऐसे में मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर जाने वाले मतदानकर्मियों व ईवीएम मशीन बूथ तक पैदल ही जाएंगे जो जोखिम भरा हो सकता है। चूँकि मतदान शाम 6 बजे तक होना है और ठंड के सीजन में दिन ढल जाएगा और रात हो जाएगी। उक्त मार्ग पर लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा एक आरसीसी पुलिया बन रहा है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से पिछले चार माह से उक्त मार्ग पर सड़क को खोद कर छोड़ दिया गया है और एप्रोच भी ठीक नहीं है। ग्रामीणों द्वारा कई बार पीडब्ल्यूडी के जेई को फोन किया गया मगर वह फोन नहीं उठाते। चार माह से रास्ते को खोद दिया गया है और अभी तक पुलिया के सिर्फ एक तरफ का वाल तैयार हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 2 माह से कम बंद है। विभाग चाहता तो काम एक माह के भीतर ही समाप्त हो जाता मगर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के लापरवाही से पूरा इलाका परेशान है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी दीपक मीणा से मांग किया है कि वे पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से जल्द से जल्द पुलिया निर्माण करने के लिए उचित कार्रवाई करें जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सके।

## मिट्टी से ढंकी हुई लाश मिली,सिर चोट के निशान

### घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी पहुंचकर किये स्थलीय निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश



गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र में गुरूवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति की गड़ा हुआ लाश बरामद किया गया। उसका शव चकिया गांव के बाहर नहर के पास खेत में मिट्टी से ढंका गया था। पुलिस ने शव को निकलावाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी पहचान पिपराइच के बैलो गांव के सबहिया के रहने वाले नारद मुनि साहनी के रूप में हुई है। गुरूवार की दोपहर महराजगंज व गोरखपुर की सीमा पर स्थित पिपराइच इलाके के चकिया गांव में नहर के पास कुछ बच्चे शौच के लिए गए थे। इस दौरान बच्चों ने बगल की जमीन में मिट्टी में से शव का हाथ देखा। बच्चे डर गए और घर आकर परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने गांव के प्रधान पति अजय सिंह उर्फ रिंकू को बताया। जिसके बाद प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी खुदवाकर शव को बाहर निकलवाया। मृतक नारद मुनि साहनी के ललाट पर किसी वजनी वस्तु से प्रहार के निशान हैं। जहां से खून निकल रहा था वहीं उसके सिर को मफलर से बांधा गया था। शव को नोचने से उसका हाथ बाहर निकला हुआ था। जिस खेत में शव गाड़ा गया था वह महराजगंज के श्यामदेउरवा बेलराई निवासी एक व्यक्ति की है। जहां शव मिला है उस इलाके का आधा हिस्सा महराजगंज व आधा गोरखपुर में आता है। मृतक के शरीर पर अंडरवीयर व बनियान ही था। पुलिस का कहना है कि दो दिन पूर्व शव को दफनाया गया होगा। मृतक नारद मुनि पेंट पालिश का काम करता था। वह प्रतिदिन साइकिल से काम पर जाते थे। कभी–कभी जिसके घर काम करते थे वहीं रूक जाते थे। मंगलवार की सुबह वह काम पर गए थे तभी से वापस नहीं आए। चूंकि पहले भी कई बार काम करने की जगह वह रूक चुके हैं इसी लिए परिजन निश्चित थे। बेटा हैदराबाद में करता है काम मृतक नारद मुनि का इकलौता 20 वर्षीय बेटा हैदराबाद में रहकर फर्नीचर का काम करता है और इस समय वहीं है। वहीं उसका भतीजा सोनू साहनी है उसी ने शव की पहचान की। सोने ने बताया कि पट्टीदारों से जमीन का मुकदमा चलता है। मारपीट भी हुआ था वे लोग जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं। परिजनों ने पट्टीदारों पर ही आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर बताया कि खेत में मिट्टी से ढंकी हुई लाश मिली है। प्रथम दृष्टया प्रेम प्रपंच में हत्या की आशंका लग रही है लेकिन परिजनों ने आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद की वजह से पाटीदारों ने हत्या की है अब विवेचना के बाद ही पता चल पाएगा कि हत्या का मूल वजह क्या है परिजनों के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा कि मौत कब और कैसे हुई है।

## प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कराएं सपाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश व राष्ट्रीय, जिला इकाई, विधान सभा क्षेत्र इकाई समेत सभी फ्रंटलों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पार्टी एवं गठबंधन प्रत्याशियों के जीत सुनिश्चित कराने के लिए आज से ही अपने–अपने विधान सभा क्षेत्रों में जीजान से जुटकर घर घर जनसंपर्क करते अखिलेश यादव एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों, योजनाओं, घोषणा व कार्यक्रमों का बखान कराकर अधिक से अधिक लोगों का सपा के पक्ष में मतदान कराकर सपा मुखिया अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनाएं। यह जानकारी सपा जिला महासचिव कमरुजमा खान ने दी है।

## दो मोटरसाइकल में आमने आमने हुई जोरदार टक्कर, दो युवक घायल

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। उसका धानी मार्ग पर आमने सामने से हुई मोटरसाइकल की जोरदार टक्कर मोटरसाइकल दुर्घटना में दो युवक बुरी तरह से घायल हो गये टक्कर इतनी तेज थी कि लोग बुरी तरह से सडक पर कुछ दूर तक घसीटते हुए दोनों युवक चले गये स्थानीय लोगों ने तुरन्त डिसीयम के माध्यम से उसका बजार अस्पताल पर लाया गया अस्पताल पर डाक्टर ने दोनों युवक को घायल अवस्था में देख और कुछ इलाज कर तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफेर कर दिया गया वही दोनों युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है फिलहाल इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## प्रेक्षक कमलकान्त सरोच ने बूथों का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। कपिलवस्तु विधानसभा निर्वाचन 2022 के प्रेक्षक





कमलकान्त सरोच ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी बूथ दुरुस्त पाए गए। मतदान केन्द्र चुरिहारी, छितरापार, गायघाट, महदेवा बुजुर्ग, मदनपुर, उसका राजा, करमा आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान कमल कांत सरोच ने जिला मुख्यालय पर स्थित सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में बने 5 बूथों को देखा साथ ही बूथों में वोटिंग के दौरान आने वाली समस्याओं का बारीकी से अध्ययन किया उनके साथ सदर तहसीलदार भी मौजूद रहे प्रेक्षक कमलकांत सरोच ने मिट्टी और पानी निकासी के लिए निर्देश दिया। इस अवसर पर सब रजिस्टार नौगढ़ध्लाइजनिंग आफिसर सुनील कुमार,सुपरवाइजर रामकरन गुप्ता, हसन तमीम, बीएलओ रामकिशुन, सत्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**आरोपियों के ठिकानों पर छापामारी करके जरूरी कागजात बरामद किये गये हैं। जरूरी है कि मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाये। उन आरोपों की भी जांच की जानी चाहिए, जिनमें कहा गया कि बैंकों से ली गयी मोटी रकम का विदेशों में निवेश किया गया। निस्संदेह, एक के बाद एक घोटाले सामने आना ...**

## सबसे बड़ी धोखाधड़ी

कुछ वर्ष पूर्व चौदह हजार करोड़ के पीएनबी घोटाले ने देश के वित्तीय क्षेत्र में सनसनी मचा दी थी। इसके चार साल बाद एक बड़ा घोटाला सुर्खियों में नजर आया है। कहा जा रहा है कि यह देश के बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। स्टेट बैंक की शिकायत के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गुजरात स्थित एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड तथा उसके निदेशकों के विरुद्ध बैंकों के एक समूह के साथ 22,842 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। जैसा कि अपेक्षित था, इस मुद्दे पर देश में राजनीतिक हमले मुखर हो गये हैं। साथ ही आरोप–प्रत्यारोपों का सिलसिला भी तेज हो गया है। एक ओर कांग्रेस आरोप लगा रही है कि कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी की गई। जबकि भारतीय स्टेट बैंक तथा नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग ने वर्षों पूर्व इन अनियमितताओं को उजागर कर दिया था। वहीं सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की केंद्र सरकार के दौरान ही यह फर्म सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों से हजारों करोड़ रुपये के ऋण लेने में सफल हुई थी। बहरहाल, केंद्र तथा गुजरात में एक के बाद एक आने वाली विभिन्न सरकारें एबीजी को इतने लंबे समय तक खुली छूट देने की जवाबदेही से खुद को बचा नहीं सकतीं। उल्लेखनीय है कि जुलाई, 2014 में राज्य विधानसभा में प्रस्तुत की गई एक रिपोर्ट में कैग ने राज्य सरकार द्वारा संचालित गुजरात मैरीटाइम बोर्ड को एबीजी की जहाज निर्माण सुविधा के संचालन को निलंबित करने के लिये कोई कार्रवाई न करने के लिये फटकार लगाई थी। दरअसल, कंपनी को आवंटित पट्टे के किराये का भुगतान वसूलने में राज्य सरकार विफल रही थी। कंपनी को बार–बार चेताने के बावजूद अपेक्षाकृत छोटी राशि महज 2.1 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया था। दरअसल, गुजरात मैरीटाइम बोर्ड ने वर्ष 2006 में भरूच जिले में वाटरफ्रंट और निकटवर्ती जमीन का कब्जा एबीजी को दिया था। इतना ही नहीं, यूपीए कार्यकाल के दौरान एबीजी को जहाजों और इंटरसेप्टर नौकाओं के निर्माण के लिये तटरक्षक बल और नौ सेना से ऑर्डर प्रदान किये गये थे। इतनी बड़ी सरकारी परियोजनाओं में एबीजी को मौका मिलने से उसे बाजार में बड़ी पहचान बनाने में मदद मिली, जिसके चलते कंपनी बड़े सार्वजनिक व निजी बैंकों से मोटी रकम उधार लेने में कामयाब हुई। आगे चलकर यह भी जांच का विषय होगा कि क्या एबीजी ने बड़े अनुबंध हासिल करने के लिये बड़ी रिश्वत का सहारा लिया था। ऐसे में इन सौदों को अमलीजामा पहनाने में तत्कालीन मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी जरूरत महसूस की जा रही है। साथ यह भी जांच का विषय होना चाहिए कि जब कंपनी बैंकों का पहला कर्ज नहीं चुका रही थी तो उसके बावजूद उसे नये ऋण क्यों मिलते रहे। इस मामले में बैंक अधिकारियों के खिलाफ भी जांच और कार्रवाई होनी चाहिए। यदि इस मामले में पारदर्शी जांच और ठोस कार्रवाई नहीं होती तो देश को बड़े भ्रष्टाचार से मुक्त करना महज दूर की कौड़ी बनी रहेगी। इसके लिये जरूरी है कि देश की जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाले आर्थिक अपराधियों और इस कृत्य में मदद करने वाले अधिकारियों व नेताओं को दंडित किया जाये। इससे भविष्य में इस तरह के घोटालों पर रोक लगायी जा सकेगी। हालांकि, सीबीआई ने एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड के पूर्व सीएमडी, तत्कालीन डायरेक्टरों के खिलाफ केस दर्ज किये हैं।

## तस्वीर में उतरती पुण्याई के दौर में

सौरभ जैन

अबकी ठंड ने डेढ़ सौ, पौने तीन सौ, सवा चार सौ साल का रिकॉर्ड तोड़ा जैसी खबरें हर साल तैंतीस फीसदी नंबर से सरकने वालों के आत्मसम्मान को क्षति पहुंचाने के लिए काफी होती है। हर ठंड में यही लगता है कि यह ठंड पिछली ठंड से बेहतर परफॉर्म कर रही है। रिकॉर्ड तोडने के मामले में ठंड से लोहा लेने की क्षमता पेट्रोल, रसोई गैस, तेल और गरीबों की थाली की कुछ चुनिंदा किस्म की सब्जियों के अतिरिक्त किसी में नहीं है। हां, कुछ भिखमंगे, भूखे–नंगे किस्म के लोगों की मौत के आंकड़े जरूर यह साहस करते हैं। लेकिन खबर सेलिब्रिटी को हार्ट अटैक जितनी बड़ी न हो पाने के चलते सुर्खियों में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाती। दृश्यता भले ठंड से अब कम हुई हो, मगर दिखना तो कब का ही बंद हो चुका है, कलियुग भी इतना है कि दुआओं में हाथ उठने से पहले पर्सनैलिटी देखी जाती है। इस दौर की दुआएं भी बेशकीमती हैं। लोग इतना सोच–समझकर खर्च करते हैं कि कहीं अगले आईटीआर में पूछ न लिया जाए। यह इतनी सारी दुआएं किधर खर्च हुईं? यह दौर ही ऐसा है, इस दौर में तो खबरें भी आकर्षण मांगती हैं। फुटपाथ पर तिरपाल बांधे ठंड संग बारिश की दोहरी मार से जद्दोजहद करता बेघर किसी को नहीं दिखता। उस बेचारे के पास सेव द ह्यूमैनिटी के हैशटेग ट्रेंड करने के लिए ट्विटर खाता भी नहीं है। हमने तो और भी फ्री वाई–फाई की सुविधा देकर अपनी जिम्मेदारियां पूरी निभाई हैं। यहां सोशल मीडिया के लाइक्स जरूर कुछ लोगों को कंबल बांटने पर मजबूर कर देते हैं। पुण्याई दरिया में नहीं, एचडी तस्वीरों में उतारी जाती है। बीती रात भी यही हुआ जब दो फेसबुकिया समाज सुधारक अपनी लखटकिया मोटरसाइकिल से झुग्गी के सामने आकर रुके। झोपड़ी वालों को लगा कि भले घर के दो नौजवान इतनी रात में रजाई, शॉल देने आए होंगे। इस उम्मीद के विपरीत जब उन लड़कों ने तस्वीर उतारने की इच्छा जाहिर की तब झोपड़ी वालों के सारे अरमान ध्वस्त हो गए। स्याह अंधेरे में आये दोनों ही नौजवान फ्लश लाइट में तस्वीर उतार कर चले गए। अगले दिन घने कोहरे के बीच कड़कड़ाती ठंड में उस तस्वीर को कविता के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। कविता संग लगाई इस तस्वीर ने लोगों की आंखों में आंसू ला दिये। संवेदना इमोजी में प्रकट हो रही थी, कोई केयर तो कोई लव इमोजी रिएक्ट कर रहा था। कुछ अतिभावुक लोगों ने तो रोने वाली इमोजी भी दर्शायी। इधर पारा शून्य पर पहुंचा और उधर खबर आई कि झोपड़ी वाले बाबा गुजर गए। बाबा झुग्गी में गुजरे, मगर कागज में उनका घर तीन बरस पहले ही बन कर तैयार था। कागजों में जिनके घर होते हैं उनकी झुग्गी में ठंड से मौत की आशंका स्वतरू समाप्त हो जाती है। वैसे भी रूम हीटर, गीजर, वूलन वियर सेल के बावजूद कोई ठंड से कैसे मर सकता है?

## राज्यों के जीएसटी संकट की अनदेखी

**बजट में एक और सार्थक पहल मेक इन इंडिया के प्रति की गई है। रक्षा क्षेत्र में बीते वर्ष 58 प्रतिशत घरेलू खरीद थी, जो इस वर्ष 68 प्रतिशत हो जाने का लक्ष्य है। कच्चे माल के आयात को आसान किया गया है। मोबाइल के लेंस का आयात आसान कर दिया गया है, जिससे मोबाइल फोन को बनाने वाले लेंस का आयात आसानी से कर सकें और मोबाइल फोन को बना सकें। आयात कर बढ़ाने से आयातित...**

भरत झुनझुनवाला

सरकार की आय मुख्यतरू आयकर एवं जीएसटी से होती है। हाल ही में जीएसटी की मासिक वसूली पूर्व के 100 हजार करोड़ प्रति माह से बढ़ कर 140 हजार करोड़ हो गई है जो कि पूर्व से 40 प्रतिशत अधिक है। इससे संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था का चक्का घूम रहा है। लेकिन प्रश्न है कि यदि जीएसटी की वसूली में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तो जीडीपी में मात्र 9 प्रतिशत की वृद्धि क्यों हुई? जीएसटी को उत्पादन पर वसूल किया जाता है। जब उत्पादन बढ़ेगा तो एक तरफ जीडीपी बढ़ेगा और दूसरी तरफ जीएसटी की वसूली बढ़ेगी। इसलिए जीडीपी में भी 40 प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए थी। यदि उत्पादन वास्तव में 40 प्रतिशत बढ़ रहा है तो जीडीपी 9 प्रतिशत क्यों मात्र क्यों बढ़ रहा है? और यदि उत्पादन 9 प्रतिशत बढ़ रहा है तो फिर जीएसटी की वसूली 40 प्रतिशत कैसे बढ़ रही है? हमें अर्थव्यवस्था को दो हिस्सों में बांटकर समझना होगा। एक, छोटे उत्पादक जो जीएसटी के दायरे से बाहर आते हैं जैसे सड़क पर मूंगफली भून कर बेचने वालाय और दूसरे बड़े उत्पादक जो कि जीएसटी के दायरे में आते हैं जैसे पैकेट में बंद मूंगफली को बेचने वाले। ऐसा समझ आ रहा है कि नोटबंदी, जीएसटी और कोविड संकटों के कारण छोटे उद्यमी का धंधा चौपट हो गया है। इनके द्वारा मूंगफली भून कर बेचना कम हो गया है और इसी मात्रा में बड़ी कंपनियों द्वारा पैकेट में बंद मूंगफली की बिक्री बढ़ गई। कुल उत्पादन पूर्ववत् बना हुआ है लेकिन जो उत्पादन अब तक छोटे उद्योगों द्वारा किया जा रहा था वह अब बड़े उद्योगों द्वारा किया जाने लगा है। छोटे उद्योगों का उत्पादन कम होने से जीएसटी में गिरावट नहीं आयी है क्योंकि वे जीएसटी के दायरे के बाहर हैं। लेकिन बड़े उद्योगों के उत्पादन बढने से जीएसटी की वसूली बढ़ गई है। इसलिए जीएसटी की वसूली में 40 प्रतिशत वृद्धि उत्पादन में वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता को नहीं दिखाती हैय बल्कि वह दिखा रही है कि आम आदमी का धंधा चौपट हो गया है। परिणाम है कि आम आदमी के हाथ में क्रय शक्ति नहीं है। वह बाजार से माल नहीं खरीद रहा पा रहा है। बाजार सुस्त पड़ा हुआ है और बड़े उद्योग भी संकट में हैं। जीएसटी की बढ़ी हुई वसूली अर्थव्यवस्था की कमजोरी को दिखाती है। जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार ने राज्यों को आश्वासन दिया था कि हर वर्ष उनकी आय में कम से कम 14 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। इससे कम वृद्धि होने पर कमी की भरपाई केंद्र सरकार ने पांच वर्षों तक करने का वादा किया था। जुलाई, 2022 के बाद केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को यह भरपाई बंद कर दी जाएगी। इसके बाद राज्यों को केंद्र सरकार से भरपाई नहीं मिलेगी। कई राज्यों की आय 20 से 40 प्रतिशत तक कम हो जाएगी। उनके लिए अपने कर्मियों को वेतन देना भी कठिन हो जाएगा। बजट में इस समस्या का हल यह सुझाया गया है कि राज्य और अधिक मात्रा में ऋण ले सकते हैं। लेकिन जब उनकी जीएसटी की वसूली ही कम हो रही है तो ऋण की अदायगी वे कैसे करेंगे? जरूरत यह थी कि बजट में राज्यों की आय को बढ़ाने की व्यवस्था की जाती। सीधा उपाय था कि हर राज्य को छूट दे दी जाती कि वे अपने राज्य की सरहद में जीएसटी की दर को निर्धारित कर सकें। कनाडा में तमाम राज्यों द्वारा अलग–अलग दरों से जीएसटी वसूल की जाती है लेकिन फिर भी अंतर्राज्यीय व्यापार उतना ही सरल है, जितना अपने यहां है। फिर भी बजट का एक सकारात्मक पहलू डिजिटल करेंसी शुरू करने का है। रिजर्व बैंक द्वारा इसे जारी किया जाएगा। जिस प्रकार कागज के नोट पर एक विशेष नंबर छपा होता है, उसी प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा कम्प्यूटर से एक विशेष नम्बर बनाया जाएगा। आप रिजर्व बैंक में नकद जमा कराकर उस नंबर को खरीद सकते हैं जैसे आपने 100 रुपये का नोट रिजर्व बैंक में जमा कराया फिर रिजर्व बैंक ने आपको एक नंबर दिया, जिसकी कीमत रुपये 100 होगी। यह नंबर आपके मोबाइल में रहेगा। जब आप 100 रुपये किसी दूसरे को देना चाहेंगे तो आप उसे यह नम्बर ट्रांसफर कर सकते हैं। तब यह नंबर रिजर्व बैंक के कम्प्यूटर में आपके खाते से हटकर पाने वाले के खाते में दर्ज हो जाएगा। इस लेन–देन में नोट के लिए कागज, छपाई, उसको प्रेस से बैंक तक पहुंचाना, बैंक से आप तक पहुंचाना–– इन सब भौतिक कार्यों से हमें मुक्ति मिल जायेगी। धन का लेन–देन सुलभ हो जाएगा। इसी प्रकार डिजिटल करेंसी को लागू करने से लाभ होगा, लेकिन अर्थव्यवस्था की जो मौलिक समस्याएं हैं उनका हल हासिल नहीं किया जा सकता है। बजट में एक और सार्थक पहल मेक इन इंडिया के प्रति की गई है। रक्षा क्षेत्र में बीते वर्ष 58 प्रतिशत घरेलू खरीद थी, जो इस वर्ष 68 प्रतिशत हो जाने का लक्ष्य है। कच्चे माल के आयात को आसान किया गया है। मोबाइल के लेंस का आयात आसान कर दिया गया है, जिससे मोबाइल फोन को बनाने वाले लेंस का आयात आसानी से कर सकें और मोबाइल फोन को बना सकें। आयात कर बढ़ाने से आयातित केमिकल्स महंगे हो जाएंगे और घरेलू केमिकल फैक्टरियां चल पड़ेंगी। सरकार को साथ–साथ प्रयास करना चाहिए कि घरेलू केमिकल्स उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़े। वे उत्तम क्वालिटी एवं सस्ते माल का उत्पादन कर सकें।

## बहुसंख्यक वोट बैंक हासिल करने की कवायद

**इससे पहले देशभर में अल्पसंख्यकों के वोट पाने को उनके पहचान–प्रतीकों का अनुमोदन करके लुभाने तक सीमित था। किंतु दशकों तक चले इस कारोबार ने बाकी आबादी में प्रतिक्रिया पैदा की, परिणामस्वरूप बहुसंख्यक वोट बैंक मजबूत हुआ, कम–से–कम हिंदी भाषी राज्यों में। केरल जैसे राज्य में इसकी झलक उस वक्त मिली जब वामपंथी सरकार उखड़ गई और सबरीमाला विवाद का फायदा...**

राजेश रामचंद्रन

पिछले हफ्ते, समाजवादी पार्टी नेता राम गोपाल यादव जो सपा के पितामह तुल्य मुलायम सिंह यादव के रिश्ते में भाई हैं, ने राज्यसभा में एक वादा करते हुए कहा कि यदि हमारी पार्टी सत्ता में आई, तो भतीजे अखिलेश यादव अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में तेजी लाएंगे और बेहतर बनवाएंगे। हालांकि यह अजीब संकल्प संसद के भीतर और बाहर चल रहे राजनीतिक शोरोगुल में दबकर रह गया। साफ है कि किसी ने राम गोपाल का इस तरह मौजूदा राजनीति के यथार्थ को कमतर करने वाले इस कथन पर ध्यान तक देना गवारा नहीं किया। अन्य राजनीतिक दलों की तरह सपा भी केवल मौकापरस्तों का झुंड है और यह वह राजनीतिक बिंदु है, जिसको दोहराने की जरूरत नहीं है। लेकिन तथ्य है कि सपा को स्वीकार करना पड़ा, वह भी इसके पक्ष में है, यह भांपते हुए कि अयोध्या में राम मंदिर का उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के बीच अपना महत्व है और यही वह चीज है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। अयोध्या में राम मंदिर कोई अन्य पूजास्थल न होकर, वह एक मंदिर होगा, जिसका निर्माण बाबरी ढांचे को ढहा कर बतौर एक राजनीतिक परियोजना, हिंदुत्व का समर्थन पाने को हो रहा है, जिसका मकसद हिंदू वोट बैंक बनाना है। सपा नेतृत्व ने सदा पहचान की राजनीति जमकर की है, जिसमें निर्भरता अपनी जाति का समर्थन पाने के अलावा मुस्लिम वोटों पर भी रही है और मुस्लिम–यादव गठजोड़ बनाया। आज भी, सपा को मौजूदा विधानसभा चुनाव में उम्मीद है कि मुस्लिमों में व्याप्त असुरक्षा की भावना पर सवार होकर वह बड़ी संख्या में सीटें जीत सकेगी। फिर भी, समाजवादी दल को राम मंदिर के खिलाफ रखी अपनी तीन दशकों पुरानी राजनीतिक लीक से हटने को मजबूर होना पड़ा! क्यों? हिंदू वोट बैंक संगठित है, कम–से–कम से हिंदी भाषी राज्यों में फिलहाल यही लग रहा है। वोट बैंक होने का मतलब जरूरी नहीं कि केवल एक दल सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से वांछित चुनावी परिणाम हासिल कर ले, इसके लिए आवश्यक है किसी संप्रदाय या समूह विशेष के पुरातनपंथी विचारों का प्रचार करके माहौल बनाना। अक्सर यह वितंडा केवल प्रतीकात्मक रीतियों को लेकर खड़ा किया जाता है, मसलन, यह कहना कि सामान्य कानून को ताक पर रखकर मुस्लिम पुरुष को शरिया के मुताबिक निकाह करने या तलाक देने का अधिकार दे रखा है। हर मुस्लिम पुरुष न तो चार दफा विवाह करता है, न ही तीन बार तलाक–तलाक कहकर झटपट रिश्ता तोड़ देता है। लेकिन पुरातनपंथी सोच वाले कठमुल्ले अपने समुदाय के इस विशेषाधिकार को सुरक्षित रखना चाहते हैं। केवल उन्हीं को समर्थन देते हैं जो धर्म के नाम पर चल रहे इन रिवाजों को बनाए रखने का हामी हो। वे दल जो इस संप्रदाय की वोटें हासिल करने की लालसा रखते हैं, उन्होंने धर्म–निरपेक्षता के सिद्धांत को तोड़–मरोड़कर पितृ–सत्तात्मक रीतियां बरकरार रखने को अभयदान दे डाला। कांग्रेस, सपा हो या वामदल अथवा फिर मुख्यधारा की कोई भी पार्टी, सभी वोटों के बदले कठमुल्लों को बढ़ावा देने के दोषी हैं। लेकिन अब इनमें कुछ दलों को भी हिंदुत्व कार्ड खेलने पर मजबूर होना पड़ा है। ऐसा नहीं कि यह करके वे भाजपा को उसी के खेल में कभी हरा पाएंगे, लेकिन नए संदर्भ की मांग है कि हिंदुत्व प्रतीकों की पूजा की जाए, ठीक इस्लामिक स्थलों पर सजदा करने जैसा। यह संदर्भ में आया बदलाव ही है कि राम गोपाल यादव को पलटी मारकर संसद में वादा करना पड़ा। इसका मतलब कि भाजपा और सपा के लिए राजनीति के खेल में बराबरी का मौका बाबरी ढांचे के विध्वंस को स्वीकार करने और ठीक उसी जगह पर राम मंदिर बनाने की जय–जयकार किए बगैर नहीं बन सकता। और इसीलिए सपा को मंदिर निर्माण में तेजी लाने और बेहतर बनाने वाला अपना इरादा घोषित करने को मजबूर होना पड़ा। यह सफाई देनी पड़ी कि उसने राम मंदिर का विरोध कभी नहीं किया था। इससे पहले जनवरी माह में, अखिलेश यादव ने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत सपने में आए भगवान कृष्ण की बात कहकर की थी। इस तरह के पैंतरे हर उस राजनेता ने सिद्ध कर रखे हैं जो अल्पसंख्यक वोटें पाने की चाहत रखता है। बहुसंख्यक वोट आधारित राजनीति की वैधता केवल उसी समय नहीं है जब भाजपा हिंदू वोट पाकर सत्ता हासिल करे, बल्कि जब सपा जैसी पार्टी, जो विगत में सदा मुस्लिम हित सुरक्षित रखने का प्रण करती आई है, वह भी हिंदुत्व राजनीति से फायदा उठाने की ओर झुक जाए। मथुरा और भगवान कृष्ण का नाम लेना भी इसी बहुलतावादी संदर्भ में आता है क्योंकि वहां भी मंदिर–मस्जिद स्थल का झगड़ा है और इस मसले में भी अखिलेश यादव की सपा वादा कर रही है कि वह हिंदुत्व राजनीति के फैसले के खिलाफ नहीं जाएगी। यह दलील दी जा सकती है कि यहां सपा केवल चतुराई से काम ले रही है ताकि भाजपा के हिंदुत्व वाले नारे से पिछड़ न जाए, और मतदाताओं का ध्यान हिंदू–मुस्लिम वाले प्रचार से आहिस्ता से हटाया जा सके। लेकिन यह पार्टी 1992 में बाबरी ढांचा गिराए जाने के समय और भी चतुर रही थी, तब उसके बाद हुए चुनाव में सफलतापूर्वक सत्ता हासिल की थी और मुस्लिम मुल्लाओं का समर्थन पाकर अन्य पिछड़ा वर्ग को मजबूत किया था। ऐसा नहीं है कि सपा को अपनी उस्तादी का भान चुनावों के समय अचानक हुआ है। यह तो केवल उस बड़ी जनसंख्या की मांग की प्रतिक्रियावश है, जो वोट बैंक बनकर उभरा है और ऐसा करके सपा पुरातनपंथी विचारों की ताईद करने वाले अपने दूसरे वोट बैंक से संतुलन बैठाना चाह रही है। कर्नाटक की भाजपा सरकार द्वारा हिजाब पर कड़ा रुख अपनाना और पड़ोसी राज्य केरल में मार्क्सवादी नीत सरकार द्वारा हिजाब के समर्थन में आना, दोनों ही वोट बैंक को लुभाने के लिए हैं। चूंकि केरल के हिंदू मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी भी सांप्रदायिक लीक पर नहीं बंटा है और वह धर्म से इतर अन्य मुद्दों पर गौर करके वोट डालने को तरजीह देता है, इसलिए राजनीतिक दलों के लिए फिलहाल वहां वर्गीय वोट बैंक की हिमायत करना फायदेमंद है। अतएव, केरल में सभी गैर–भाजपा राजनीतिक दल हिजाब का समर्थन करके फायदा लेना चाहते हैं, ठीक उसी तर्क से, जैसे सपा अयोध्या में राम मंदिर का समर्थन करके फायदा उठाने की फिराक में है।



# तीन प्रत्याशियों ने वापस लिए नाम, 80 मैदान में

देवरिया। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। तीन प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया, जिसमें पथरदेवा से निर्दल प्रत्याशी दरक्शा अली, सलेमपुर से रामदहिन व भाटपाररानी से नूर नेशा शामिल हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद समेत 80 प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में हैं। पथरदेवा व रुद्रपुर में 14–14, देवरिया व बरहज में 12–12, रामपुर कारखाना में 11, भाटपाररानी में 10 व सलेमपुर में सात प्रत्याशी मैदान में है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए। मतदान तीन मार्च व मतगणना 10 मार्च को होगी। प्रत्याशी और आवंटित प्रतीक चिह्न विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुरः अखिलेश प्रताप सिंह–कांग्रेस–हाथ का पंजा, जयप्रकाश निषाद–भाजपा–कमल, रामभुआल निषाद–सपा–साइकिल, सुरेश तिवारी–बसपा–हाथी, राजेन्द्र प्रसाद निषाद–आप–झाड़ू, कमलेश कुमार चौरसिया–बहुजन मुक्ति पार्टी–चारपाई, नरसिंह पाल–आम जनता पार्टी इंडिया–हेलीकाप्टर, मनोज पाल–जन अधिकार पार्टी–गैस सिलेंडर, रामवृक्ष राव–भारतीय सर्वजन पार्टी–बल्ला, संजय पासवान–राष्ट्रीय हिद समाज पार्टी–एयर कंडीशनर, अमरजीत चौहान–निर्दल–अलमारी, प्रदीप यादव–निर्दल–सेब, शब्बीर अहमद–निर्दल–आटो रिक्शा, सुरेंद्र निषाद–निर्दल–बेबी वाकर। विधानसभा क्षेत्र देवरियारू शलभ मणि त्रिपाठी–भाजपा–कमल, अजय प्रताप सिंह–पिटू सपा–साइकिल, पुरुषोत्तम नारायण सिंह–कांग्रेस–हाथ का पंजा, रामसरन–बसपा–हाथी, हरिनारायण चौहान–आप–झाड़ू, संजय कुमार दुबे–कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया–बाल और हंसिया, ओमप्रकाश चौरसिया–राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी–टाइप मशीन, रजनीकांत श्रीवास्तव–राष्ट्रवादी विकास पार्टी–पेन स्टैंड, राजू चौहान–मोडरेट पार्टी–आटो रिक्शा, वीरेन्द्र जायसवाल–जन अधिकार पार्टी–गैस सिलेंडर, संजय श्रीवास्तव–भारतीय सर्व समाज पार्टी–एयर कंडीशनर, विजय जुआठा–निर्दल–फूलगोभी। विधानसभा क्षेत्र पथरदेवाः सूर्य प्रताप शाही–भाजपा–कमल, अम्बर जहां–कांग्रेस–हाथ का पंजा, परवेज आलम–बसपा–हाथी, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी–सपा–साइकिल,जियाउल हक उर्फ जमशेद–आप–झाड़ू ज्वाला जी प्रजापति–बहुजन मुक्ति पार्टी–चारपाई, दुर्गा–अपना दल यूनाइटेड पार्टी–छड़ी, प्रदीप–भारतीय शक्ति चेतना पार्टी–बांसुरी, मनीषा सिंह–राष्ट्रीय ओलमा काउंसिल–अलमारी, मुख्तार पासी–हिदू समाज पार्टी–गुब्बारा, राजकिशोर–राष्ट्रवादी विकास पार्टी–पेन स्टैंड, रामेश्वर शर्मा–मौलिक अधिकार पार्टी–आटो रिक्शा, संजय श्रीवास्तव–भारतीय सर्वजन पार्टी–बल्ला, संदीप कुमार मल्ल–जनता दल यूनाइटेड–तीर। विधानसभा क्षेत्र रामपुर कारखानाः सुरेंद्र चौरसिया–भाजपा–कमल, फसिहा मंजर गजाला लारी–सपा–साइकिल, पुष्पा शाही–बसपा–हाथी, शहला अहरारी–कांग्रेस–हाथ का पंजा, इंद्रमोहन–मौलिक अधिकार पार्टी–आटो रिक्शा, कौशल किशोर मणि उर्फ माधवजी–आप–झाड़ू, दीनानाथ कुशवाहा–जन अधिकार पार्टी–गैस सिलेंडर, फिरोज–निर्दल–ट्रक, सुरेंद्र यादव उर्फ लोहा–निर्दल–अलमारी, सुरेश–निर्दल–केतली। विधानसभा क्षेत्र भाटपाररानीः सभाकुंवर– भाजपा–कमल, अजय कुशवाहा–बसपा–हाथी, आशुतोष उपाध्याय–सपा–साइकिल, केशव चंद्र यादव–कांग्रेस–हाथ का पंजा, अजिमुल्लाह–जन अधिकार पार्टी–गैस सिलेंडर, अनिल पांडेय–आप–झाड़ू, दयानंद–अपना दल यूनाइटेड पार्टी–कप और प्लेट, दुर्गेश कुमार–भारतीय जन जागृति पार्टी–एयर कंडीशनर, रामाश्रय राजभर–जनता दल यूनाइटेड–तीर, श्रीराम कुशवाहा–भाकपा माले–तीन सितारों वाला झंडा। विधानसभा क्षेत्र बरहजः दीपक मिश्र शाका–भाजपा–कमल, मुरली मनोहर जायसवाल–सपा–साइकिल, रामजी गिरी–कांग्रेस–हाथ का पंजा, विनय लाल साहब तिवारी–बसपा–हाथी, ईश्वरचंद्र विश्वकर्मा–बहुजन मुक्ति पार्टी–चारपाई, महन्थ–आम जनता पार्टी इंडिया–हेलीकाप्टर, रामएकबाल–सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी–अलमारी, रामाश्रय–मोडरेट पार्टी–आटो रिक्शा, सुधीर कुमार विश्वकर्मा–राइट टू रिकाल पार्टी–प्रेशर कुकर, कृष्ण चंद्र दीक्षित एडवोकेट–निर्दल–बांसुरी, भाष्कर मिश्रा–निर्दल–एयर कंडीशनर, विजय शंकर–निर्दल–बाल्टी। विधानसभा क्षेत्र सलेमपुरः विजयलक्ष्मी गौतम– भाजपा–कमल, दुलारी देवी–कांग्रेस–हाथ का पंजा, राजेश भारती–बसपा–हाथी, मनबोध प्रसाद–सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी–छड़ी, सतीश कुमार–माकपा–हथौडा हंसिया और सितारा, उदयभान राव–आप–झाड़ू, भरत व्यास गौतम–आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन–पतंग। रुद्रपुर में सपा से बागी प्रदीप ठोंक रहे तालः देवरिया। समाजवादी पार्टी से टिकट मिलने के बाद 24 घंटे के अंदर ही टिकट कटने पर बागी हुए प्रदीप यादव रुद्रपुर विधानसभा सीट से ताल ठोंक रहे हैं। उनको मनाने के लिए सपा नेताओं ने काफी प्रयास किए, लेकिन वह नहीं मानें। आखिरकार नामांकन पत्र वापस लेने की तिथि भी बीत गई। उन्होंने नाम वापस नहीं लिया।

## उप्र : कर्मशाला अधीक्षक का परिणाम घोषित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने बुधवार की सायं कर्मशाला अधीक्षक के 14 पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के संयुक्त सचिव लखन लाल शिवहरे ने बताया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग, उप्र के अंतर्गत कर्मशाला अधीक्षक के 14 पदों के लिए आयोग द्वारा 7–8 फरवर, 2022 को साक्षात्कार सम्पन्न हुआ था। जिसके आधार पर अतुल कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, रवि कुमार मौर्या, पुनीत पाण्डेय, नितेश कुमार श्रीवास्तव, जलज यादव, अनवर अहमद, रमेश चंद्र यादव, सुनील कुमार, विश्वनाथ कुमार, राहुल सोनकर, पिकेश कुमार, अलका सक्सेना एवं नीरज जयंत को उपयुक्त पाते हुए नियुक्ति के लिए संस्तुत किया गया है।

## ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत

प्रयागराज। लालापुर थाना क्षेत्र के सोनौरी गांव में बुधवार को ट्रैक्टर पलटने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। लालापुर के सोनौरी गांव निवासी भोला आदिवासी (18) दो भाइयों में छोटा था। उसके दो बहन एवं बेला देवी घर पर रहती है। पड़ोसी रोहित (19) पुत्र शिवजीत दो भाई और एक बहन में छोटा था। उसकी मां चमेली देवी एवं परिवार के लोग मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं। बुधवार सुबह एक ट्रैक्टर में सवार होकर भोला व रोहित कहीं जा रहे थे। ट्रैक्टर गांव में ही अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया और हादसे में रोहित और भोला की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की।

## गंगा स्नान करते समय युवक डूबा

प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के रैपुरा घाट पर गंगा स्नान करते समय एक बच्चा डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस अथक प्रयास कर शव खोजने में कामयाब हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेजा के जेवनिया गांव निवासी पियूष प्रजापति (12) पुत्र सोनू प्रजापति अपने परिजनों के साथ बुधवार सुबह रैपुरा गंगा घाट पर स्नान करने गया था। जहां स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में डूबने लगा, शोर–गुल सुनकर लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े ,लेकिन गहरे पानी में वह समा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अथक प्रयास करके गंगा से निकालने में कामयाब हो गई। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## मोबाइल छीनकर भाग रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 01 अदद तमंचा व 04 कारतूस बरामद

प्रतापगढ थाना क्षेत्र संग्रामगढ़ के गोपालपुर नहर पुलिया के पास मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति से उसका मोबाइल फोन छीनकर भागने का प्रयास किया गया जिस पर उस व्यक्ति व आसपास मौजूद लोगों द्वारा उक्त मोटर साइकिल सवार दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया, पकड़े गये दोनों व्यक्तियों के पास से छिने गये मोबाइल फोन व 01 अदद तमंचा 12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। थाना संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

## विकास व अमन के लिए आराधना मिश्रा मोना ने मांगा सहयोग

प्रतापगढ,विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास की कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को जनसभाओं व जनसम्पर्क के जरिए लोगों से विकास व अमन की मजबूती के लिए सहयोग मांगा। सांगीपुर के शुकुलपुर मे युवाओं से संवाद करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस शासन काल मे ही युवाओं को मताधिकार का संवैधानिक दर्जा मिल सका है। उन्होनें कहा कि भाजपा बेरोजगारी तथा नौकरी के क्षेत्र मे भी युवाओं की छंटनी कर युवा भारत के निर्माण मे बाधक बनी हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार के क्षेत्र मे गारण्टी कानून के जरिए उनका हक दिलाया जायेगा। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र के भैंसना, कटेहटी, नवहाजया, भवानीगढ़ व शाहबरी मे लोगों से सम्पर्क कर विकास की मजबूती पर जोर देते हुए समर्थन मांगा। इस मौके पर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, डा. अमिताभ शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रभात ओझा, गोविंद मिश्र, टिल्लू सिंह, त्रिभु तिवारी, अम्बुज मिश्र, ओम पाण्डेय, अंशुमान तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 07 अदद देसी बम के साथ 02 अभियुक्तगिरफ्तार

प्रतापगढ,पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव, 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराधध्अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मानिकपुर से व0उ0नि0 श्याम सुन्दर गिरि मय हमराह देखभाल क्षेत्रध्चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के चौदहा की बाग, ग्राम अमिलहा से दो व्यक्तियों पुकार लठौर व नवल कुमार को 07 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 44ध22 व 45ध22 धारा 4ध5 विष्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## व्यापारी के निधन पर जतायी गई संवेदना

प्रतापगढ, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई सागर लाल जायसवाल 62 का बीमारी के चलते मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी होते ही नगर के व्यापारियों मे शोक छा गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सागर के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की। वहीं व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शत्रुघ्न शुक्ल, सभासद रमेश कौशल, भगवती प्रसाद तिवारी, विकास मिश्र, रामलखन जायसवाल, डा. ओमप्रकाश, श्याम लाल सांई, सिल्लू मिश्र, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, पप्पू जायसवाल, सभासद रमेश जायसवाल, हाजी शरीफ, जीत लाल गुप्ता आदि ने भी व्यापारियों की बैठक मे साथी व्यापारी सागर जायसवाल के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## व्यय प्रेक्षक द्वारा विधानसभा विश्वनाथगंज व प्रतापगढ़ के प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की जांच की

प्रतापगढ,विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित व्यय प्रेक्षक एस0एम0 सुरेन्द्र नाथ (आई0आर0एस0) ने जनपद तहसील सदर का भ्रमण किया तथा विधानसभा विश्वनाथगंज व प्रतापगढ़ के प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की विधिवत जांचध्निरीक्षण किया। उन्होने वहां पर उपस्थित विधानसभा प्रतापगढ़ के अनुरक्षण सेल के सहायक नोडल अधिकारी रमेश सिंह वित एवं लेखाधिकारी माध्यमिक बेसिक शिक्षा विभाग एवं विश्वनाथगंज विधानसभा के सहायक नोडल अधिकारी विजय कृष्ण को विशेष दिशा निर्देश दिये और आयोग की गाइडलाइन को पूरी तरह से पालन करने हेतु निर्देशित किया और कहा कि किसी विषम परिस्थिति में तत्काल किया जाये ताकि वह भारत निर्वाचन आयोग को सूचित कर कार्रवाई कर सके। इस अवसर पर सम्पर्क अधिकारी अनुराग तिवारी, डाक्टर मोहम्मद अनीस, प्रदीप कुमार राय, जेपी शर्मा, अरशद हुसैन, लक्ष्मण रजक उपस्थित रहे।

# परिवार नियोजन की सेवाओं का उठाएं लाभः एसीएमओ

देवरिया। पापुलेशन इंटरनेशनल सर्विसेज (पीएसआइ) द चौलेंज इनीशिएटिव फार हेल्दी सिटीज (टीसीआइएचसी) संस्था के संयोजन में सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में परिवार नियोजन सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीपी सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन की सेवाओं से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो, इसके लिए हमें प्रयास करना है। कहा कि फैमिली प्लानिग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। परिवार कल्याण से जुड़े विषयों जैसे परिवार नियोजन की जरूरत, पुरुष नसबंदी से फायदे, सही उम्र में लड़की एवं लड़कों का विवाह, दो बच्चों में सही अंतराल, नवदंपतियों के लिए उपयुक्त गर्भ निरोधक के प्रयोग एवं परिवार नियोजन के साधन अपनाने पर जोर दिया दिया जाए।

कहा कि परिवार नियोजन के साधनों में त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, महिलाओं की पसंद बनने लगी है। भय और भ्रांति के कारण कतराने वाली महिलाएं भी अब इसका महत्व समझकर इसे अपना रही हैं। स्वास्थ्यकर्मियों की ओर से इसके लिए महिलाओं को प्रेरित करना कारगर साबित हो रहा है। वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2021 में गर्भ निरोधक इंजेक्शन लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक पूनम ने कहा कि खुशहाल परिवार दिवस, किशोर स्वास्थ्य, अंतराल दिवस जैसे कार्यक्रमों का निरंतर क्रियान्वयन किया जाए। परिवार नियोजन से संबंधित कुल 12 प्रकार के स्थाई व अस्थाई संसाधन सरकारी अस्पतालों में निश्शुल्क उपलब्ध हैं।

बैठक में शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. आरके श्रीवास्तव, डा. विनीत युवराज, डा. सुधाकर सिंह, डीडीएम प्रमोद यादव, पाथ संस्था के जिला समन्वयक अतुल आर्या, यूनिसेफ के डीएमसी गुलजार त्यागी, पीएसआइ–टीसीआइएचसी संस्था से केवल सिंह सिसौदिया, प्रियंका सिंह, राजेश प्रजापति, डीओ प्रांशु दुबे सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, प्रोजेक्ट आफिसर डुंडा एवं डब्लूएचओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सशक्त नारी भारतीय जनता पार्टी का विजन : माया नारोलिया

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार में महिलाएं आज पूरी तरीके से सुरक्षित महसूस कर रही हैं। यही कारण है कि आज जहां भी हम जनसम्पर्क कर रहे हैं, महिलाएं कह रही हैं कि एक बार पुनः भाजपा की सरकार बनाएंगे। सशक्त नारी हमारी पार्टी का विजन है और उस विजन के लक्ष्य के लिए अपने जनकल्याण संकल्प पत्र में हम मुख्यमंत्री सुमंगला कन्या योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक करेंगे। सामूहिक विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत गरीब बेटियों की शादी के लिए एक लाख रू. तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। यह बातें भाजपा महिला मोर्चा मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने बुधवार को शहर उत्तरी विधानसभा भाजपा कार्यालय की बैठक में महिला मोर्चा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत सालाना दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देंगे, 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए परिवहन यातायात मुफ्त करेंगे, विधवा एवं निराश्रित महिलाओं का पेंशन 15 हजार मासिक करेंगे, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा हेतु कैमरा लगाकर 3000 पिंक पुलिस फोर्स का गठन करेंगे। उन्होंने कहा कि लोक सेवा आयोग सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं की नौकरियां दोगुनी करेंगे, कालेज जाने वाली मेधावी बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत निःशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे, आंगनबाड़ी महिलाओं एवं स्वास्थ्य सखियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा मिशन मोड पर प्रदान करेंगे और सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट का निर्माण करेंगे एवं स्वयं समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए क्रेडिट कार्ड द्वारा एक लाख रू. तक का ऋण कम ब्याज पर उपलब्ध कराएंगे। अंत में कहा कि हम उत्तर प्रदेश में मोदी एवं योगी के नेतृत्व में 350 से ज्यादा सीट जीतकर एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाएंगे और प्रयागराज की सभी विधानसभा पर जीत का परचम लहराएंगे। बैठक का संचालन करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री कीर्तिका अग्रवाल ने महिलाओं का सम्मान करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

# यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई करने गए दो छात्रों के स्वजन की बढ़ी चिता

देवरिया। यूक्रेन में एमबीबीएस करने गए जिले के छात्रों के स्वजन की चिता दो दिनों से बढ़ गई है। कारण, यूक्रेन व रूस के बीच बढ़ते तनाव है। एक छात्र से तो स्वजन की एक दिन पहले बात भी हुई, लेकिन दूसरे छात्र के स्वजन से बात भी नहीं हो पाई है। स्वजन अपने लाल के सही सलामत वतन वापसी के लिए मंदिरों में पूजा–पाठ व मन्नत मांगने लगे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष रामपुर कारखाना के देवर सुरेंद्र यादव बलिया में फार्मासिस्ट हैं, उनके बेटे प्रणव नाथ यादव एमबीबीएस की पढ़ाई यूक्रेन से कर रहे हैं, 12 दिसंबर को बहन की शादी में घर आए थे, शादी संपन्न होने के बाद वह दिल्ली चले गए, दो जनवरी को ही वह यूक्रेन गए हैं। लेकिन उस समय इस तरह के हालात नहीं थे, अगर हालात ऐसे होते वह कदापि वहां नहीं जाते। इस बीच यूक्रेन व रूस के बीच तनाव बढ़ गया और रूस ने हमला करने की चेतावनी दे दी है। जिसके बाद प्रणव के परिवार के लोगों की चिता बढ़ गई है। पिता सुरेंद्र ने बताया कि शाम प्रणव से बात हुई थी, वह घबराया हुआ था, मैंने उसको ढाढस बढ़ाया है। चाची नगर पंचायत अध्यक्ष देवंती देवी, बड़ी मम्मी राधिका देवी, बुआ दुर्गावती देवी, चाचा मुरलीधर यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश यादव , सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर सुभाष यादव ,भाई अभय करन यादव ने दूरभाष पर बात कर धैर्य रखने का ढांढस बढ़ाया है। प्रणव के चचेरी बहन की 18 फरवरी को है शादीः प्रणव नाथ यादव के चचेरी बहन की 18 फरवरी को शादी है। एक तरफ मेहंदी के चटक रंग की चिता है तो वहीं उसके भाई को यूक्रेन में फंसे होने तथा संभावित हमले को देखते हुए चिता सताए जा रही है। घर में सभी लोग शादी की तैयारी में तो जुटे हैं। पूरे परिवार में खुशी का माहौल है, लेकिन जब भीड़भाड़ से थोड़े से अकेले समय का एहसास हो रहा है तो उन्हें यूक्रेन में फंसे प्रणव की याद आ रही है। कालेज प्रशासन ने आनलाइन क्लास चलाने का लिया है निर्णयः प्रणव के पिता सुरेंद्र यादव ने बताया कि बेटा ने बताया कि आनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया गया है। दो सप्ताह तक की छुट्टी भी कर दी गई है । कालेज प्रशासन की ओर से छात्रों को घर जाने को कहा गया है। लेकिन धना अभाव में बहुत से छात्र आने को तैयार नहीं है। जबकि बहुत से छात्र भारत लौट भी आएं है। कुछ छात्रों को लग रहा है कि हमले के पहले कोई न कोई समझौते की राह निकल आएगी और उनका धन व्यर्थ नहीं होगा। बेलवा बाजार के प्रधान का भाई भी यूक्रेन में फंसाः विकासखंड देसही देवरिया के बेलवा बाजार के रहने वाले ग्राम प्रधान मनोज मद्धेशिया के भाई सुनील मद्धेशिया भी यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व सुनील से घर स्वजन से बात हुई है। लेकिन उसके बाद बात नहीं हो पाई है, जिससे स्वज्जन और चिंतित हैं। सुनील कुशीनगर के बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद कानपुर में नेट की तैयारी में जुट गए। वहां से परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका चयन मेडिकल में हो गया । सुनील सात भाइयों में सबसे छोटे हैं। सुनील की मां कौशल्या देवी, बड़े भाई एवं ग्राम प्रधान मनोज मद्धेशिया ने बताया कि हम लोग हमले को लेकर के चिंतित हैं। हमारा भाई वहां पर फंसा है। इन दिनों बात नहीं हुई है। सबसे अधिक चिता इसी से है।

# माघ मेलाः संगम की रेती पर एक माह के कल्पवास का समापन

प्रयागराज। संगम की रेती पर पूरे एक माह तक चलने वाला कल्पवास अनुष्ठान बुधवार को माघी पूर्णिमा के साथ समाप्त हो जाएगा। त्याग और समर्पण की तपस्या का यह अनुष्ठान पौष पूर्णिमा स्नान के साथ इस वर्ष 17 जनवरी को प्रारम्भ हुआ था। बुधवार को माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए बाहर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। फिलहाल स्नान जारी है। माघी पूर्णिमा स्नान के बाद कल्पवासी अपने घर की ओर प्रस्थान करते हैं। अधिकतर कल्पवासी गुरुवार की सुबह घर लौटेंगे। क्या है कल्पवास ?ःसंगम की रेती पर कायाकल्प के लिए किया जाने वाला तप कल्पवास कहलाता है। यह व्रत पौष पूर्णिमा के साथ ही शुरू हो जाता है। इस दिन गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु कल्पवास का विधि विधान से संकल्प लेते हैं। वे तीर्थ पुरोहितों के आचार्यत्व में मां गंगा, नगर देवता वेणी माधव और पुरखों का स्मरण कर व्रत शुरू करते हैं। महीने भर जमीन पर सोते हैं। पुआल और घास–फूस उनका बिछौना होता है। तीर्थ पुरोहितों के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा, वेणी माधव एवं पूर्वजों का स्मरण कर त्याग–तपस्या के 21 नियमों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं। साथ ही मेला क्षेत्र में बने अपने अस्थाई झोपड़ी या तंबू के दरवाजे के पास ये कल्पवासी बालू में तुलसी का बिरवा लगाते हैं और जौ बोते हैं। सुबह स्नान के बाद यहां जल अर्पित करते हैं। सुबह और शाम दीपक भी जलाते हैं। कल्पवास समाप्त होने के बाद वापस जाते समय वह इसे प्रसाद स्वरूप अपने घर लेकर जाएंगे। गंगा की रेती पर मास पर्यन्त कठोर तपस्या के बाद माघी पूर्णिमा का स्नान कर ये कल्पवासी (श्रद्धालु) जब अपने घर वापस लौटते हैं तो वहां परिजन देवताओं की तरह पूजते हैं। जनपद के लेड़ियारी स्थित किहुनी गांव के विंध्यवासिनी प्रसाद मिश्र पिछले कई साल से कल्पवास कर रहे हैं। बताते हैं कि कल्पवास से वास्तव में कायाकल्प होता है। वह कहते हैं कि प्रयाग की तपस्थली अद्भुत है। हम वर्षों से इसकी अनुभूति कर रहे हैं। संत तुलसीदास भी लिखते हैं– "माघ मकर गत रवि जब होई, तीरथ पतिहि आव सब कोई।" इसके अनुसार माघ के महीने में जब सूर्य मकर गत यानी मकर राशि में प्रवेश कर जाता है, उस समय तीर्थराज प्रयाग आकर लोग त्रिवेणी में स्नान करते हैं और मास पर्यन्त यहां प्रवास कर कल्पवास और यज्ञादि अनुष्ठान करते हैं। इस वक्त त्रिवेणी संगम के दर्शन के लिए देवता भी लालायित हो उठते हैं। तीर्थराज की यह परम्परा आदिकाल से है। प्रयाग का मतलब ही है, वह पवित्र धरती जहां प्राचीन काल में खूब यज्ञ हुए हों। मान्यता है कि ब्रह्माण्ड की रचना से पहले भगवान बह्मा ने भी प्रयाग में अश्वमेध यज्ञ किया था। दशाश्वमेध घाट और ब्रह्मेश्वर मंदिर इस यज्ञ के प्रतीक स्वरुप आज भी यहां मौजूद हैं। इस यज्ञ के कारण यहां कुम्भ का भी विशेष महत्व है, जो संगम की पवित्र रेती पर हर बारहवें साल आयोजित होता है। इसी क्रम में आज भी गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम पर हर साल माघ माह में तंबुओं और घास–फूस की झोपड़ियों का एक नया शहर बस जाता है, जो माघ मेला के नाम से जाना जाता है। हर छठे साल यही मेला अर्ध कुम्भ और हर बारहवें वर्ष कुम्भ के नाम से पूरी दुनिया में विख्यात है।

## प्रो.सी पी गुप्ता ने सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने का किया अपील

देवरिया। देवरिया जिले के बरहज विधानसभा का चुनाव को लेकर सभी पार्टियों के प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी ताकत झोंक दी है बृहस्पतिवार को बरहज विधानसभा में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुरली मनोहर जायसवाल के पक्ष में गोरखपुर सेंट एंड्रयूज डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर व समाजवादी शिक्षक सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी पी गुप्ता ने क्षेत्र के दर्जनों चौराहों और गांवों में जाकर लोगों से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील किया। इस दौरान प्रोफेसर श्री गुप्ता ने जनपद देवरिया के बरहज विधानसभा बरहज, भलुवनी,गड़ेर और कर्मटार में लोगों से सम्पर्क कर भारी मतों से विजई बनाने के लिए अपील किया। श्री गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस विधानसभा से मेरा पुराना नाता है जन जन तक पूरे विधानसभा में मेरी पहचान है मै गरीबों की हित में एक से बढ़कर एक कार्य किये है और आजीवन हम कार्यकर्ताओं के लिए जीते हैं और जीते रहेंगे हमारे लिए कार्यकर्ता ही पूजी है कार्यकताओ के लिए हम सड़क से सदन तक लड़ाई लड़े हैं और लड़ते रहेंगे। उन्होंने लोगों से मिलकर सपा के पक्ष में वोट देने की अपील की।

# महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में 17 फरवरी बृहस्पतिवार को रोवर्स ध्रेंजर्स के पंच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के रेंजर्स प्रभारी डॉ संतोष कुमार सैनी एवं रोवर्स प्रभारी प्रो. राजेश प्रसाद के द्वारा कराया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद कुमार द्वारा मां सरस्वती के पूजन –अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात कु प्रज्ञा मिश्रा, कु आशा, हर्षिता पाण्डेय, अर्पिता पाण्डेय, दीक्षा, साक्षी द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का बहुत ही सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया।स्वागत गीत के पश्चात रोवर्सध्रेंजर्स ने स्काउट गाइड प्रार्थना प्रस्तुत की तथा महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय द्वारा स्काउट गाइड ध्वज को फहराया गया। तत्पश्चात सुनील कुमार सिंह प्रशिक्षक एवं डी ओ सी सोनभद्र, शुभम सोनी प्रशिक्षक द्वारा सभी अतिथियों का स्कार्फ एवं बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। इसके बाद रोवर्स प्रभारी प्रो राजेश प्रसाद एवं रेंजर्स प्रभारी डॉ एस के सैनी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात रोवर्सध्रेंजर्स प्रशिक्षुओं द्वारा बहुत ही सुंदर मंत्र मुक्त कर देने वाले अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बड़ा ही मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया गया। मंच संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ.संतोष कुमार सैनी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कु.गरिमा सिंह ने शिव तांडव पर आधारित बहुत ही सुंदर एकल नृत्य, प्रज्ञा मिश्रा, काजल, यजुर्वेद शाह ने सुंदर एकल देश भक्ति गीत, शिवानी सिंह, हर्षिता पांडे, अर्पिता पाण्डेय, ने समूह गीत, दीक्षा, साक्षी, अर्पिता पांडे, हर्षिता पाण्डेय, इत्यादि ने बहुत ही मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। समसामयिक मुद्दे मतदान एवं मताधिकार के प्रयोग पर यजुर्वेद शाह, नवनीत कुमार ,बाबूलाल एवम उनके रोवर्स साथियों द्वारा नेताओं के लॉलीपॉप तथा प्रज्ञा मिश्रा, हर्षिता अर्पिता पाण्डेय, गरिमा सिंह, शिवानी सिंह, इशिका, दीक्षा, साक्षी, कहकशा, इत्यादि रेंजर्स द्वारा वोट की चोट शीर्षकों वाले बहुत ही सुंदर, उदेश्यपरक नाटकों का बहुत ही अद्भुत प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रज्ञा मिश्रा ने 'एक बात पूछती हूं बताना ना बाबू जी, छुपाना ना बाबू जी' बोल वाले गीत का अद्भुत प्रस्तुतीकरण कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. राधाकांत पांडे ने शिविरार्थियों को राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य महोदय जी ने रोवरध्‍ रेंजर्स के उद्देश्य एवं कर्त्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए शिविरार्थियों को अनुशासित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने व राष्ट्र की सेवा का संकल्प दिलाया। रेंजर प्रभारी डॉ. संतोष कुमार सैनी ने रोवर्स एवं रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविरों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी शिविरार्थियों से पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर देश सेवा का संकल्प लेने का आवाहन किया। कार्यक्रम के अंत में रोवर्स प्रभारी प्रो. राजेश प्रसाद जी द्वारा आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिविरार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए हर तरह से तत्पर रहने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन के पश्चात सुनील कुमार सिंह प्रशिक्षक एवं डीओसी सोनभद्र, अनिल कुमार सिंह प्रशिक्षक एवं प्रवक्ता ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज तथा शुभम सोनी प्रशिक्षक द्वारा शिवरार्थियों को मार्च पास्ट, विभिन्न प्रकार की तालियों, ध्वज शिष्टाचार, यू एवम वी शेप, स्काउट गाइड शिविर के सामान्य नियमों इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी। उक्त अवसर पर डॉ.उपेंद्र कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ विभा पांडे, डॉ.विजय प्रताप यादव इत्यादि प्राध्यापक गणों के साथ–साथ कार्यालय अधीक्षक प्रमोद केसरी, विकास कुमार मौर्य, महेश पांडे ,सरफुद्दीन, कुंदन ,कामेश्वर रामचरण मौर्य इत्यादि कर्मचारी गण एवं मीडिया के लोग तथा भारी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद थे।



# भाजपा रावस्ट्सगंज से भूपेश चौबे , दुद्धी से रामदुलार गौड़ ने नामांकन किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के राबर्ट्सगंज व दुद्धी विधानसभा के एनडीए गठबंधन प्रत्याशी के रुप में राबर्ट्सगंज 401से भूपेश चौबे व दुद्धी 403 से रामदुलार गोंड़ ने भारी जूलुस व गाजे बाजे के साथ गठबंधन के सभी दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन किया। राबर्ट्सगंज विध ाानसभा 401 से भूपेश चौबे ने दो सेट में अपने प्रस्तावक अतुल कनौजिया व राजेश पटेल के साथ नामांकन किया वही दुद्धी 403 से रामदुलारे गोंड ने अपने प्रस्तावक मनोज कुमार व रंजना चौधरी वही आज ओबरा विध ाानसभा 402 से संजीव गोंड ने भी दो सेट में अपने प्रस्तावक विजय सिंह यादव व कालीचरण खरवार के साथ नामांकन किया। तत्पश्चात् जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया व कार्यकर्ताओं के द्वारा गाजे बाजे व माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में दोनो प्रत्याशियों ने कार्यकर्ताओं व वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए प्रस्थान किया। भारतीय जनता पार्टी की रिति नितियों से प्रभावित होकर जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी के द्वारा प्रमुख रुप से समाजवादी पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष रमाशंकर गोंड व पूर्व प्रमुख दुद्धी जगनारायण गोंड जी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का पट्टा व माल्यार्पण कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराये। इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामशकल, अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान, जिला प्रभारी अशोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, पूर्व विधायक रुबी प्रसाद, तिरथराज, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, अपना दल एस जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष रोहित बिन्द, गोविन्द यादव, राजवनसिह श्यामाचरण गिरी अपना दल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, राबर्ट्सगंज विध ाानसभा प्रभारी बालेन्दुमणी त्रिपाठी, दुद्धी विधानसभा प्रभारी संतोश शुक्ला, रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध यक्ष अजीत रावत, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, नगवां ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, कोन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक मिश्रा, बंशीधर, शिवकुमार गुप्ता, अभिषेक सिंह चन्देल, कुसुम शर्मा, मिठाईलाल सोनी, जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, चुर्क चेयरमैन गीतादेवी, ओबरा चेयरमैन प्राणमती देवी, दयाशंकर पाण्डेय, संतोश शुक्ला, सुनील सिंह, विशाल पाण्डेय, रजनीश रघुवंशी, विनय श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी, प्रमिला जायसवाल, रुबी गुप्ता, सोनी विश्वकर्मा, सरोज केशरी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी आम जनमानस उपस्थित रहा।



# बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान प्रशिक्षण का बीएसए ने किया शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल बीआरसी पर निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत फाउण्डेशनल लिटरेसी व न्यूमरेसी के चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ वृहस्पतिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने मां वीणापाणि के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया। नयी शिक्षा नीति के आलोक में निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार ने प्राथमिक शिक्षा में सौ प्रतिशत नामांकन व ड्रापआउट को शून्य करने के उद्देश्य से शैक्षणिक ढांचे में बदलाव किया है। जो प्री प्राइमरी तीन वर्ष से प्रारम्भ होकर सेकेण्डरी एजुकेशन अठारह वर्ष तक पूरी होगी। शुरूआती दौर में जब बच्चे को सीखने में परेशानी होती है तो वही छात्र ड्रापआउट हो जाते हैं।इन समस्याओं के निराकरण हेतु परिषदीय विद्यालय के समस्त प्राथमिक शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण हो रहा है।बीएसए ने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण को तन्मयता से प्राप्त कर इसे विद्यालय में लागू करने की अपील की। प्रशिक्षण समन्वयक बीईओ अशोक कुमार सिंह ने सभी का स्वागत करते हुये मनोयोग से प्रशिक्षण लेने के लिये प्रतिबद्ध किया ,उन्होंने कहा कि किसी भी प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है जब वह स्कूल के कक्षाकक्ष तक पहुंच कर छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को तेज करे ,आशा है कि यह प्रशिक्षण आप और छात्र के बीच सेतु का कार्य करेगा। घोरावल बीआरसी पर दो बैचों में चालीस –चालीस की संख्या में प्रशिक्षण गतिमान है। प्रशिक्षणकर्ता के रूप में एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी, धर्मराज सिंह, मिथिलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दिन नयी शिक्षा नीति 2020, एफएलएन व निपुण भारत अभियान में साक्षरता व संख्याज्ञान पर प्रशिक्षण हुआ।



# नेपाल में फिर माओवादी आग लगाने की फिराक में ?

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। नेपाल लग रहा है एक बार फिर माओवादियों के आगोश में चला जायेगा। माओवादी दलों के लोग हिंसक प्रदर्शन करने पर आमादा हो गये हैं। अब एक बार फिर माओवादी के सारे धड़े एक होते नजर आ रहे हैं। मिलेनियम चौलेंज कॉर्पोरेशन अर्थात एमसीसी का पूरे नेपाल में वामपंथी दलों ने घोर विरोध करते हुए बंद का आवाहन किया। जगह जगह तोड़ फोड़ व सड़को पर टायर जला कर उग्र प्रदर्शन किया। पड़ोसी नेपाली जिला बांके के मुख्यालय नेपालगंज में स्थान स्थान पर विभिन्न माओवादी दलों ने टायर जलाए। पुलिस को जन सुरक्षा हेतु कड़ी मसक्कत करनी पड़ी। एमसीसी के लिए विश्व के 46 देशों ने इस पर हस्ताक्षर किए थे। विकासशील देशों में गरीबी उन्मूलन, रोड निर्माण व बिजली उत्पादन के लिए बड़े प्रोजेक्ट की स्कीम में इस धन का प्रयोग होना सुनिश्चित किया गया था। परंतु नेपाल में इसका भारी विरोध ा हो रहा है। वामपंथी आलोचकों का मानना है कि एमसीसी नेपाल की राष्ट्रीय प्राथमिकता के विरुद्ध है। उनका मानना है कि इस समझौते से नेपाल की बौद्धिक संपदा पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का आधिपत्य हो जाएगा। ये भी मानना है कि बड़ा विद्युत सैयंत्र स्थापित होने से सीधा फायदा




● नेपालगंज में माओवादियों ने जमकर मचाया उत्पात

● पुलिस भी माओवादी गुंडों के सामने हुई बौनी

भारत को होगा। अमेरिका का कहना है कि इसे नेपाली संसद में अविलंब पास कराया जाए। बुधवार को पड़ोसी नेपाली शहर नेपालगंज में सुबह 5 बजे से ही विभिन्न वामपंथी दलों के कार्यकर्ता नेपालगंज की सड़कों पर निकल आये व वाहनों में तोड़फोड़ करने लगे। बांके जिले की बैजनाथ गांवसभा मे कृषि मंत्रालय की गाड़ी में आंदोलन कारियों ने तोड़फोड़ की। बांके के ट्रैफिक पुलिस प्रमुख हिमालय शाह के अनुसार बड़ी मुश्किल से सबको बचाया जा सका। इस संबंध में जानकारी देते हुए बांके के पुलिस प्रवक्ता व डीएसपी मधुसूदन न्यौपाने ने बताया कि बल पूर्वक बंद कराते 3 लोगो को नेपालगंज के गणेशमान चौक के पास नेकपा माओवादी केंद्र समाजवादी के केंद्रीय सदस्य सलमान राई, जिला अध्यक्ष अजित प्रसाद व विप्लव गुट के नेकपा कार्यकर्ता बसंत खत्री को नियंत्रण में लिया गया है। एमसीसी के विरोध में मोहन वैद्य किरन के नेतृत्व वाली क्रांतिकारी माओवादी पार्टी, नेत्र विक्रम चंद की कम्युनिस्ट पार्टी, ऋषि कट्टेल की नेतृत्व वाली नेकपा, आहुति नेतृत्व की वैज्ञानिक समाजवादी पार्टी व सीपी गजुरेल नेतृत्व गणतांत्रिक मोर्चे ने संयुक्त रूप से बंद का आवाहन किया है। यंग कम्युनिस्ट लीग भी इस मोर्चे में शामिल रही। बांके के ट्रैफिक इंचार्ज हिमालय शाह व एसआई लक्ष्मण ने भारी पुलिस बल के साथ प्रदर्शन करियो को तितर बितर किया। फिर ये लोग महेंद्र कैम्पस की ओर चले गए। इसके पूर्व इन लोगो ने बांके के डीएम कार्यालय पर भी उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान नेपालगंज बाजार बंद रहा। लंबी व छोटी दूरी के वाहन नही चले। बांके के पड़ोसी जिलों बर्दिया, सुर्खेत, दांग, दैलेख, कंचनपुर व कैलाली आदि जिले भी इस बंद से प्रभावित रहे।

# सड़क के किनारे खड़ी महिला को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर,गंभीर रूप से घायल

हरदोई ।अरवल थाना क्षेत्र के तेरापुरसौली गंगा घाट पर को माह की पूर्णिमा के लिए अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर गंगा स्नान करने महिला गई थी, सड़क के किनारे जब वह खड़ी थी तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अरवल थाना क्षेत्र के तेरा पुरसौली गांव निवासी अनुराग अपनी पत्नी पूनम 25 वर्ष को लेकर तेरापरसौली गंगा घाट पर बुधवार महा की पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए गया था। गंगा स्नान करने के बाद वापस आ रहा था, तभी उसकी पत्नी सड़क के किनारे खड़ी थी, गंगा घाट पर जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर से महिला को जोरदार टक्कर लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गई। आनन–फानन में उसे सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया गया,जहां पर चिकित्सक ने महिला के दोनों पैर टूट जाने के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## गरीब शोषित किसान नौजवान कानून का राज भाजपा में ही संभव– विधायक रानू

हरदोई ।षारीब,शोषित,किसान,नौजवान, महिलाओं के विकास के लिए और प्रदेश में कानून के राज के लिए भाजपा ने जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई। जिनकी वजह से आज प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में पूरे देश में नंबर 1 पर है। प्रदेश से गुंडाराज खत्म हुआ है और हर गरीब के जीवन में खुशहाली आई है। उक्त विचार आज भाजपा प्रत्याशी विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने जन संपर्क के दौरान फादुल्लापुर में आयोजित जनसभा में व्यक्त किए। श्री रानू ने तेरा घाट पर पहुंच मां गंगा की अर्चना कर ग्राम कुशलपुरवा, छब्बापुरवा, हन्नामऊ, देवकली आदि गांवों में घर घर जनसंपर्क कर कमल के सामने की बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। जनसभा में जिला पंचायत सदस्य निशा कुशवाहा ने सपा सरकार ने उनके साथ हुए जुल्म और तत्कालीन प्रत्याशी द्वारा मारपीट और बदसलूकी को ध्यान में रखते हुए सुशासन के लिए भाजपा को जिताने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत ने कहा कि सपा के प्रत्याशी जब अभी से खुले मंच से मुझे सिर्फ लोधी राजपूत समाज से होने के कारण नेस्तेनाबूद करने की धमकी दे सकते हैं यदि भूल से भी कही विधायक बन गए तो राजपूत समाज का जीना बेहाल कर देंगे। इसलिए राजपूत समाज उनकी धमकी के खिलाफ वोट डालकर जबाब देगा। इस दौरान बसपा से जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रहे संग्राम सिंह राजपूत ने भाजपा की सदस्यता ली। जनसंपर्क में ब्लॉक प्रमुख अनिल राजपूत,जिला पंचायत सदस्य निशा कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष मदनपाल राजपूत, सीताराम कुशवाहा, जै जै राम राजपूत, दीप सिंह राजपूत, प्रधान संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, राजेश शुक्ला, प्रधान घटकना श्रीप्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी का 88 वर्ष में निधन

हरदोई ।क्षेत्र के मलौथा गांव निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामप्रकाश पांडेय 88 वर्ष का बुधवार की सुबह फर्रुखाबाद के अंगूरी बाग स्थित रिश्तेदार के यहां निधन हो गया ।वह अपने पीछे गृहिणी सत्यवती, दो पुत्र विजय कुमार पांडेय प्राइवेट कंपनी में एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं ।पुत्री सर्वेश शुक्ला गृहिणी है। इसके अलावा वह नाती पोतों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं ।राम प्रकाश पांडेय1977 में इमरजेंसी के विरुद्ध आंदोलन में हरदोई कारागार में 2 माह 17 दिन जेल में रहे थे ।तहसीलदार सवायजपुर नारायण सिंह, गार्ड कमांडर हरि सिंह के प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक के नेतृत्व में पांचाल घाट फर्रुखाबाद में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी देने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र विजय कुमार पांडेय ने दी। उनके निधन पर समाजसेवी राम सिंह यादव, आर्य समाज सवायजपुर के प्रधान आर्येन्द्र पांडेय,शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामतीर्थ मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य रामप्रताप पांडेय, मलौथा के प्रधान ओमप्रकाश गौतम, पूर्व प्रधान आशीष पांडेय, सौरभ मिश्रा समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगों में ने दुःख जताया है।

# मतदाता जागरूकता वैन को सीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। भारत–नेपाल के सोनौली बॉर्डर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मिनी ओबी वैन को पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा कोमल मिश्रा, एसएसबी के सहायक कमांडेंट सोनौली अनीश कुमार, अधिशासी अधिकारी सोनौली राजनाथ यादव, वरिष्ठ समाजसेवी नौतनवा नंदलाल जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर सरहदी क्षेत्र के लिए रवाना किया। बताते चले कि गुरुवार की दोपहर को भारत नेपाल के सोनौली बॉर्डर से सीमावर्ती क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक मुहिम चलाया है। जिसके लिए मिनीओबी वैन एवं जागरूकता रथ योजित किया। लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए आम जनमानस को जागरूक करने के इस पहल को अधिकारियों ने सराहा और कहां कि इस अभियान से आम जनमानस में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने अपील किया कि अधिक से अधिक लोग मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाए। इस मौके पर गुड्डू जायसवाल, चौकी प्रभारी सोनौली स्वतंत्र कुमार सिंह, पत्रकार विजय चौरसिया उमाकांत मद्धेशिया, अमजद खान, सतीश यादव, कृष्णा गुप्ता सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

# नाटक मंचन कर किया लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक

हरदोई।नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के संयोजन में ब्लाक पिहानी और हरियावाँ में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन ग्राम कायमपुर में आयोजित हुआ जिसमें लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। नेहरू युवा केंद्र की ओर से पिहानी और हरियावां ब्लॉक के कायमपुर गांव में मतदाता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें नाटक मंचन कर रहे कलाकारों ने लोगों को संदेश दिया कि हमारे एक–एक वोट की कितनी कीमत है,यह एक वोट कितना मूल्यवान है,इससे हम अपने मन के प्रत्याशी का चयन कर सरकार बना सकते हैं, साथ ही लोगों से विधानसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की। मतदान करने के लिए जागरूक किया।लोगों को अपने नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि मतदान हमारी सबसे बड़ी ताकत है,सभी अपने मत का दान अवश्य करें, नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा केंद्र अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने लोगों को शत–प्रतिशत मतदान करने को कहा , उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 23 फरवरी को जिले में होने वाले चुनाव में आप सभी अपने अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। मौके पर जिला परियोजना अधिकारी ,नमामि गंगे अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा भी मतदान के दिन सभी कार्यों को करने के पहले मतदान करने की अपील की गई। इस मौके पर पंकज कुमार,सिद्धार्थ गौतम,असलम और कंचन लता मौजूद रहे।

# महिला से एक लाख के जेवर ठगे

जौनपुर। सपा महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष तारा त्रिपाठी को मंगलवार को ठगों शिकार बना लिया । दो उचक्के कलेक्ट्रेट परिसर में उन्हें रूमाल सुंघाकर सम्मोहित करने के बाद करीब एक लाख रुपये मूल्य के आभूषण व कीमती मोबाइल फोन लेकर चंपत हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के सहारे उचक्कों को चिह्नित करने का प्रयास कर रही है। गौराबादशाहपुर कस्बा निवासी तारा त्रिपाठी किसी कार्य से जिला कोषागार कार्यालय जा रही थीं। ई–रिक्शा से उतरकर करीब 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करते ही उनके पास दो युवक पहुंचे। पूछा यहां कोई बैंक है। उन्होंने कहा नहीं पता। इसी दौरान दोनों ने उनके चेहरे पर रूमाल दो बार लहराया। वह कोषागार गईं तो छुट्टी का पता चला। वहां से निकलकर ज्योंही सड़क पर आईं फिर दोनों युवक उनके पास आकर अगल–बगल चलने लगे। इसी दौरान बातों–बातों में उनके कहने पर तारा त्रिपाठी ने सोने की चार अंगूठियां, चेन, लाकेट, झुमका और मोबाइल फोन दोनों को दे दिया। जेसीज चौराहा पहुंची तो वहां बेसुध सी अवस्था में किसी आटो रिक्शा चालक से कहा कि उनका मोबाइल फोन खो गया है।

वह उन्हें सिपाह पड़ाव तक छोड़ दे। सिपाह पड़ाव पहुंचने के बाद उन्हें होश आया तो पता चला कि उनके शरीर पर मौजूद सभी आभूषण गायब हैं। घर जाकर उन्होंने आपबीती बताई। परिजन उन्हें लेकर सिविल लाइन पुलिस चौकी आए। चौकी प्रभारी को पूरी घटना की जानकारी दी। वह उन्हें साथ लेकर उचक्कों की तलाश में रास्ते में स्थित प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने लगे। फुटेज में शेषपुर तिराहा के पास सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी तक उचक्के अगल–बगल चलते दिखे। इसके बाद उनका पता नहीं चला। उन्होंने लाइन बाजार थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। शहर में इनदिनों उचक्कों का ऐसा गिरोह सक्रिय है जो इसी तरह से लोगों को सम्मोहित कर जेवर व नकदी उड़ा ले रहा है।

# जनपद आगमन पर उमा भारती ने बीजेपी के लिए मांगा वोट

उन्नाव। सन 2000 के बाद जब उत्तर प्रदेश की राजनीति में बहुमत की सरकारों का दौर आया तो सबसे पहले 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। इस सरकार में भ्रष्टाचार बड़ा भाई रहा और अपराध उसका छोटा भाई ।यह बात बिधूना में आज आयोजित सदर विधायक पंकज गुप्ता के लिए जनसमर्थन जुटाने आई पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कही। उन्होंने कहा कि आगे चलकर के सपा की बहुमत की सरकार आई तो अपराध बड़ा भाई हो गया और भ्रष्टाचार छोटा भाई। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें हमेशा अपराधियों के सहारे ही बनी। सपा सरकार में तो अपराधियों को ही टिकट मिलने लगी। आम जनमानस ने इसे अपनी नियत मान ली कि सरकार अब भ्रष्टाचारी ही चलाएंगे। योगी सरकार आई तो इन भ्रष्टाचारियों और अपराधियों दोनों पर ही अंकुश लगा। अपराधियों के मकान, दुकान जब्त किए जाने लगे। जहां सपा सरकार में बड़े पैमाने पर लोगों के मकान, दुकानों और जमीनों पर कब्जा हुए। सूश्री भारती ने कहा कि अधिकारियों को सरेराह अपराधियों द्वारा पीटा जाने लगा ।वह भी इसके आदि हो गए कि जैसे उनकी यह नियत ही हो गयी। मैं आम जनमानस से अपील करती हूं कि सपा के समय का भय याद कर लेना, बसपा के समय का भ्रष्टाचार याद कर लेना और हमारी योगी सरकार के कार्यकाल की शांति याद कर लेना और कमल का बटन दबाकर भारी बहुमत से भाजपा को जिता देना। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में जहाँ प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाएं बहुत कम है वहां पर कोरोना वायरस जैसे संकट का बड़ी मजबूती के साथ सामना किया जबकि अमेरिका जैसे विकसित देशों में कोरोनावायरस से दो लाख लोग मर गए। बाबूजी कल्याण सिंह जी का संस्मरण करते हुए उन्होंने कहा की बाबू कल्याण सिंह जी ने राष्ट्रीय एकता परिषद को जवाब देते हुए दिसंबर 1991 की घटना पर सार्वजनिक तौर पर कही थी कि वहां मौजूद कारसेवक जम्मू कश्मीर के आतंकवादी नहीं थे कि मैं उन पर गोली चलाने का आदेश देता वह तो राम भक्त थे और मैं राम भक्तों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दे सकता। ऐसे लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को आज यहां तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मुझे पंकज से बड़ा स्नेह है। यह मेरा छोटा भाई है और हमेशा ही सेवा में लगा रहता है। मैंने उसे कभी आराम करते नहीं देखा जब भी मेरे मेरी इस से फोन पर बात होती है तो लगता है कि वह दौड़ रहा है। कहीं बहुत व्यस्त हैं। और जब ऐसे लोग चुनाव जीतकर सदन में जाते हैं। तो जनता का ध्यान रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। अपील करती हूं आपसे कि भाजपा सरकार बनाएंगे तो अगले अगले पांच साल शांति आएगी। अगर सपा आ गई तो आपका चौन सुख चला जाएगा और भय व भ्रष्टाचार का शासन होगा। भाजपा जातिवाद और परिवारवाद से उठकर राजनीति करती हैं। वह राष्ट्रवाद और राम राज्य के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस जनसभा में युवा मोर्चा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्र उर्फ "भानु," सरोज सिंह चौहान, अनुराग अवस्थी, सुरेंद्र जायसवाल, आदित्य त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, सुशील तिवारी, विजय द्विवेदी, श्रीकृष्ण वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# आबकारी टीम की कार्यवाही, 180 ली0 कच्ची अवैध शराब सहित 600 किलो लहन नष्ट किया

उन्नाव। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आबकारी टीम लगातार दबिश देकर अवैध रुप से बन रही कच्ची शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। जिसमें आबकारी टीम को अब तक सफलता भी हासिल हो रही है। परिणामतः कुछ हद तक अवैध कच्ची शराब बनाने व बेंचने के काम में संलिप्त लोगो में भय व्याप्त हो गया। आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक पुरवा राजेश प्रताप सिंह एवं आबकारी निरीक्षक बीघापुर प्रदीप कुमार मौर्य के नेतृत्व में संदिग्ध ग्राम अकवारा में दबिश दी गई। वहीं मौरावा पुलिस के सहयोग से असगरगंज, पिंजरा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान उपरोक्त स्थलों से लगभग 180 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी, व मौके पर 3 भट्टियों को लगभग 600 किलो महुआ लहन के साथ नष्ट किया गया। मुकेश पुत्र मैकू निवासी केदारखेड़ा को गिरफ्तार करते हुए थाना मौरावां में अभियोग पंजीकृत कराया गया। साथ ही ऊंच गांव देशी, ऊंच गांव विदेशी मदिरा शराब व ऊंचगांव बियर शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# धनन्जय सिंह सहित 52 प्रत्याषियों ने किया नामांकन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट में बुधवार को गहमा गहमी के साथ धनन्जय सिंह सहित 52 प्रत्याषियों ने नामांकन दाखिल किया। गेट पर भारी भीड़ एकत्रित रही और कोविड तथा आचार संहिता की खुली अवहेलना होती रही। आस पास की दुकाने आज पुलिस ने बन्द करा दिया था। जबकि पहले ऐसा नहीं होता रहा। विधानसभा बदलापुर निर्वाचन क्षेत्र से कुल 05 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी आरती सिंह के द्वारा दो सेट में , भारतीय धर्म निरपेक्ष पार्टी की प्रत्याशी सुषमा मिश्रा के द्वारा दो सेट में , हम सब की पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार सिंह के द्वारा एक सेट में, राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रत्याशी सीमा जायसवाल द्वारा 01 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 365–शाहगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया, जिसमें जितेंद्र कुमार के द्वारा एक सेट में, बीएसपी के प्रत्याशी इंद्रदेव द्वारा एक सेट मे, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनोद कुमार के द्वारा दो सेट में ,निषाद पार्टी के प्रत्याशी रमेश सिंह के द्वारा दो सेट में ,इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी परवेज आलम भुट्टो के द्वारा एक सेट में, स्वच्छ स्वस्थ्य स्वावलंबन पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद कुमार के द्वारा एक सेट में, ए आई एम ए आई एम के प्रत्याशी नायब अहमद खान के द्वारा एक सेट में , आपकी अपनी पार्टी (पीपल्स) के प्रत्याशी सुरेश राजभर के द्वारा एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया। सदर (जौनपुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया, जिसमें पीपुल पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी मिठाई लाल के द्वारा एक सेट में, हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रत्याशी राधा कृष्ण पाल के द्वारा एक सेट में, राष्ट्रवादी विकास पार्टी के प्रत्याशी आशीष कुमार श्रीवास्तव के द्वारा दो सेट में, जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी विवेक कुमार मौर्य के द्वारा एक सेट में, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी विनोद कुमार वत्स के द्वारा 02 सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी रामकेश यादव के द्वारा 01 सेट में, बीएसपी के प्रत्याशी सलीम खान के द्वारा 02 सेट में, निर्दल प्रत्याशी विजय प्रजापति के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया । –मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये, जिसमे भारत स्वाभिमान पार्टी के प्रत्याशी राहुल सिंह के द्वारा एक सेट में, राइट टु रिकाल पार्टी के प्रत्याशी रामसकल गौतम द्वारा 01 सेट में, जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी धनंजय सिंह के द्वारा 02 सेट में एवं बीएसपी के प्रत्याशी शैलेन्द यादव द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया। 368–मुंगराबादशाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये जिसमें बीजेपी के प्रत्याशी अजय शंकर दुबे द्वारा 03 सेट में , बीएसपी के प्रत्याशी दिनेश शुक्ला द्वारा 02 सेट में, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी सुशील कुमार शर्मा के द्वारा एक सेट में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा दो सेट में, समाज परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी नीलम कुमार के द्वारा एक सेट में, शिवसेना पार्टी के प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा दो सेट में, जेडीयू के प्रत्याशी राकेश कुमार के द्वारा एक सेट में, भारतीय धर्मनिरपेक्ष पार्टी के प्रत्याशी वेकंटेश बहादुर के द्वारा एक सेट में, प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश बिंद के द्वारा एक सेट में, भारत राष्ट्र डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र कुमार के द्वारा एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। मछलीशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, जिसमे बीजेपी के प्रत्याशी मेहीलाल द्वारा 02 सेट में , पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के प्रत्याशी पलकधारी द्वारा एक सेट में, बसपा के प्रत्याशी विजय कुमार द्वारा एक सेट में, आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सत्य प्रकाश के द्वारा एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

मड़ियाहूं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये, जिसमे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी मीरा ने 02 सेट में, लोग पार्टी के प्रत्याशी सतीश कुमार द्वारा 01 सेट में, विकासशील इन्सान पार्टी के अशोक कुमार ने 01 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया ।जफराबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 04 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये, जिसमे निर्दल प्रत्याशी रिजवान अहमद के द्वारा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी लक्ष्मी नागर ने 01 सेट में, जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ब्रजेश कुमार के द्वारा एक सेट में, राष्ट्रीय समाज पक्ष के प्रत्याशी अखिलेश पाल के द्वारा 01 सेट में में नामांकन दाखिल किया गया। केराकत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिला किये गये, बीजेपी के प्रत्याशी दिनेश चौधरी ने 2 सीट में अपना नामांकन द्वारा 03 सेट में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेश गौतम के द्वारा दो सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी रवि प्रकाश सोनकर के द्वारा एक सेट में, प्रगतिशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी पप्पू भारती द्वारा दो सेट में, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लाल बहादुर सिद्धार्थ के द्वारा दो सेट मे, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी संजय प्रसाद के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन दाखिल किया गया।

# किसी भी समय जारी हो सकता है पीएम का कार्यक्रम

उन्नाव। विधानसभा पुरवा में पीएम नरेंद्र दामोदर दास मोदी की जनसभा आगामी 20 फरवरी को प्रस्तावित है। तैयारियों का जायजा केंद्रीय स्तर के मंत्री द्वारा विगत दिवस लिया जा चुका है। बता दें कि स्थानीय असोहा क्षेत्र के चंदनखेड़ा स्थित ग्राउंड पर प्रस्तावित सभा के लिए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा कंदरलाजे ने कार्यकर्ताओं से बात करते हुए जानकारी ली। इसके साथ ही उनसे प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। जनसभा प्रभारी गाजियाबाद के जिला पंचायत अध्यक्ष बसंत कुमार ने दोपहर को पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार को सभा स्थल पर पार्किंग, टेंट व अन्य व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। रैली प्रभारी ने बताया कि किसी भी समय प्रधानमंत्री का कार्यक्रम जारी हो सकता है। इसलिए व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान पुरवा चुनाव प्रभारी ललित द्विवेदी, कृष्ण कुमार वर्मा, सुधीर त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, पप्पन दीक्षित, ललित सिंह, नागेंद्र, नूतन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक महीने से गायब युवती का नहीं लगा सूराग

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महीने भर से लापता युवती का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। उसकी मां ने पड़ोसी गांव की एक महिला समेत तीन आरोपितों पर बहला–फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। 19 वर्षीय युवती गत 20 जनवरी को रहस्यमय स्थिति में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला। युवती की मां ने पड़ोसी गांव परासिन निवासी अभिषेक चौहान, उसके पिता सुरेश चौहान व बहन अंजलि पर आरोप लगाया है कि तीनों उसकी बेटी को घुमाने के बहाने ले गए और अगवा कर कहीं छिपा दिए। यह भी आरोप लगाया कि बेटी के बारे में पूछने पर आरोपितों ने अपशब्द कहे और जान से मार डालने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से क्षुब्ध पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। गायब युवती के स्वजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य ने कहा कि चुनाव के कारण पुलिस फोर्स की कमी है। इसी वजह से गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# चुनाव में जाने वाले वाहनों का किराया बढा

जौनपुर। विधानसभा चुनाव में अधिग्रहीत किए गए वाहनों के स्वामियों के लिए राहत देने वाली खबर है। उन्हें लोकसभा चुनाव 2019 की तुलना में छोटे वाहनों का 11 फीसद और बड़े वाहनों का दस फीसद अधिक किराया मिलेगा। इतना ही नहीं इस साल शीघ्र भुगतान की भी योजना है।जनपद के नौ विधानसभा क्षेत्रों में सात मार्च को सातवें व अंतिम चरण में चुनाव होना है। विधानसभा चुनाव के लिए कुल 2144 पोलिग केंद्रों पर 3936 बूथ बनाए गए हैं। जिले में मतदान केंद्रों की सुरक्षा और मतदान कर्मियों को ले जाने के लिए 2180 वाहनों की आवश्यकता होगी। इनमें 1300 बड़े और 880 हल्के वाहनों के अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस बार वर्ष 2019 से अधिक किराया वाहन स्वामी पाएंगे। इसके साथ वाहनों के लिए डीजल और पेट्रोल अलग से मिलता है। इसके लिए चुनाव आयोग ने विधान सभा के लिए वाहनों को नया दर लागू किया है। विधानसभा चुनाव के लिए किराया की नई दरें घोषित होने के बाद 15 से 24 सीटर बस के रुपये 1212 प्रतिदिन व ईंधन, 25 से 34 सीटर बस का रुपये 1366 प्रतिदिन व ईंधन, 35 से 40 सीटर बस का रुपये 1528 प्रतिदिन व ईंधन, 41 से 45 सीटर बस का रुपये 1581 प्रतिदिन व ईंधन , 46 व उससे अधिक सीट की बस का रुपये–1793 प्रतिदिन व ईंधन, चार पहिया वाहन बिना एसी के रुपये 1130 प्रतिदिन व ईंधन, चार पहिया वाहन एसी वाले रुपये 1303 प्रतिदिन व ईंधन दिये जायेगें।

# क्विज प्रतियोगिता में संदीप प्रथम

जौनपुर। मुंगरा बादशाहपुर, विकास खंड में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत वोट करेगा जौनपुर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र सटवां में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मतदाताओं ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। 25 अंकों के प्रश्न पत्र में प्राप्त परिणाम में संदीप कुमार शुक्ल, मनीष कुमार मौर्य , नीरज यादव ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर जवाहर लाल यादव सहित शिक्षक उपेंद्र सिंह, अजीत प्रताप सिंह, संजय कुमार मिश्र, राहुल सिंह, अवनीश कुमार मिश्र, हंसराज सिंह, जीत लाल बिंद, विजय कनौजिया, सीमा मौर्या, विभा सिंह, शिखा दुबे, विजय प्रताप आदि ने शुचिता पूर्ण प्रतियोगिता संपन्न कराई।

# हजरत अली ने अमन और शांति का संदेश दिया

जौनपुर। पैगंबर–ए–इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा के दामाद हजरत अली की यौम–ए –पैदाइश के अवसर पर अजमेरी मोहल्ला में जोश–खरोश के साथ मनाते हुए महफिल आयोजित हुई। महफिल की शुरुआत हदीस–ए–केसा से मौलाना सैय्यद शाजान जैदी ने किया। उन्होंने कहा कि हजरत अली ने अमन और शांति का संदेश दिया। हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। मौलाना सैय्यद आबिद रजा मोहम्मदाबादी ने मुल्क में अमन, सलामती की दुआएं कराई। इस अवसर पर शायरों ने हजरत अली की शान में कसीदे पढ़े तों लोग मंत्र मुग्ध हो गये। वहदत जौनपुरी ने पढ़ा शमुमकिन नहीं किसी को भी हो जाए दसतयाबश।, कौसर का जाम साकिये कौसर को छोड़ कर।। तनवीर जौनपुरी ने पढ़ा– मौला अली रजाए इलाही लिए बगैर। उठ्ठे नही रसूल के बिस्तर को छोड़ कर।।, हैदर काजमी ने पढ़ा हर साहबे किरदार के सरदार अली हैं। दुनियां न समझ पाई वो अवतार अली हैं । मां बाप की आगोश से आगोशे लहेद तक। हर एक के बस मालिको मुखध्तार अली हैं।।, नातिक गाजीपुरी ने पढ़ा– हर एक सोखध्नवर जबां कांप रही है। लगता है की जैसे पसे दीवार अली हैं।। इस अवसर पर शायरों – वजीह मोहमदाबादी, अदीब जौनपुरी, शादाब जौनपुरी, हेजाब इमामपुरी, इरफान जौनपुरी, आमिर कजगांवीं, कुमैल जौनपुरी, रविश जौनपुरी, ताबिश काजमी, शहेनशाह जौनपुरी, जरगाम सैदनपुरी, जीशान अकबरपुरी, अब्बास जौनपुरी, मेंहदी जैदी जौनपुरी, अबू तालिब जौनपुरी आदि शायरों ने मौला की शान में खूब कसीदे पढ़े। मोहम्मद मुस्तफा , अब्बास काजमी , अली मुस्तफा, कायम आब्दी, मुफ्ती अनवार हैदर एडवोकेट, सै मो अब्बास, अब्बास हैदर, ताहिर खान, सै हैदर हुसैन, अनवारूल हसन, हुसैन अहमद जीहशम मुफ्ती, आदि उपस्थित रहे।

# जन–जन में संदेश पहुँचाना है 27 फरवरी को मतदान करने अवश्य जाना हैः जिला निर्वाचन अधिकारी

प्रतापगढ, सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के छात्र–छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली गयी जिसमें छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के पोस्टर एवं बैनर को हाथों मे लिये हुये विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से ''प्रतापगढ़ ने भरी उड़ान–शत–प्रतिशत हम करें मतदान'', ''आपका मतदान लोकतंत्र की जान'', ''छोड़ो अपने सारे काम, पहले चले करें मतदान'', ''अपना अमूल्य वोट देकर, लोकतंत्र को दें मजबूती'', ''जागरूक लोगों की एक ही पहचान, सब जन करेंगें अपना मतदान'' आदि के माध्यम से जागरूक किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने, लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिये छात्र–छात्राओं को सम्बोधित किया और कहा कि हमें जन–जन में यह संदेश पहॅुचाना है दिनांक 27 फरवरी को मतदान करने अवश्य जाना है।

उन्होने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी मतदाता धर्म, जाति, वर्ग, सम्प्रदाय, भाषा से ऊपर उठकर अपने मतों का अवश्य प्रयोग करें तथा पूरे प्रदेश में जनपद में वोटिंग प्रतिशत को सबसे ऊपर रखे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया द्वारा भी मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। रैली का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप सर्वदानन्द द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश सहित प्रधानाचार्य फादर आनन्द कुमार जान, डा0 मोहम्मद अनीस, धर्मेन्द्र कुमार ओझा सहित बच्चे उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर.न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है चुकंदर के जूस का अधिक सेवन, जानिए कितना पीना सही



चुकंदर पोटेशियम, जिंक, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, सल्फर, नियासिन और कई जरूरी विटामिन्स के साथ–साथ एंटी–ऑक्सीडेंट गुण से समृद्ध होते है, इसलिए इसके जूस का सेवन कई तरह से स्वास्थ्य के लिए लाभदायक साबित हो सकता है। हालांकि, अगर आप चुकंदर के जूस का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं तो यह स्वास्थ्य को फायदे नहीं बल्कि नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकता है। आइए जानते हैं कि चुकंदर के जूस के अधिक सेवन से कौन–कौन सी समस्याएं हो सकती हैं।

किडनी स्टोन की समस्या का करना पड़ सकता है सामना

किडनी शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो खून को साफ करके शरीर से जहरीले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। हालांकि, जब आप जरूरत से ज्यादा चुकंदर के जूस का सेवन करते हैं तो इससे आपकी किडनी पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है, जिसके कारण किडनी अपना काम सही ढंग से नहीं कर पाती है, जिसके परिणामस्वरूप आपको किडनी स्टोन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

गर्भवती महिला को पहुंचा सकता है नुकसान

चुकंदर में नाइट्रेट (केमिकल कंपाउंड) की मात्रा मौजूद होती है। ऐसे में अगर कोई गर्भवती महिलाएं अधिक चुकंदर का जूस पीती है तो शरीर में नाइट्रेट की मात्रा अधिक हो जाती है, जिसके कारण गर्भवती महिला को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, अगर कोई महिला गर्भवती है तो वह इसका सेवन बेहद कम मात्रा में करें। यही नहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी चुकंदर के जूस का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

लिवर की बीमारियां होने का रहता है खतरा

चुकंदर के जूस का अधिक सेवन लिवर के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है और इसे कमजोर कर सकता है। दरअसल, चुकंदर के जूस की अधिक मात्रा शरीर में पहुंचकर शरीर की तंत्रिकाओं और कोशिकाओं में सूजन पैदा कर सकती है, जिसकी वजह से लिवर कमजोर होने लगता है। वहीं, इसका अधिक सेवन कई तरह की लिवर संबंधित बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप सीमित मात्रा में ही चुकंदर के जूस का सेवन करें।

हो सकती हैं पेट से जुड़ी समस्याएं

चुकंदर या फिर इससे बने जूस का अधिक सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि ज्यादा चुकंदर का जूस पीने से एसिडिटी, मतली, उल्टी और पेट में दर्द जैसी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए सीमित मात्रा में ही इसका सेवन करें। बेहतर होगा कि आप डाइटीशियन की सलाह के अनुसार अपनी डाइट में चुकंदर के जूस को शामिल करें।

चुकंदर का जूस कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो शरीर के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं और न्यूट्रीशियनिस्ट की मानें तो एक दिन में 250 मि.ली. चुकंदर के जूस का सेवन करना ही लाभदायक है।

# थाई–हाई शॉर्ट वनपीस ड्रेस में अनन्या पांडे ने दिए बेहद हॉट पोज

अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है और आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज फैन्स के साथ शेयर कर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। अपनी इन लेटेस्ट फोटोज में अनन्या पांडे बेहद



स्टाइलिश और क्लासी लग रहीं हैं, इन तस्वीरों में अनन्या पांडे थाई–हाई शॉर्ट वनपीस ड्रेस में बेहद हॉट नजर आ रहीं है, जिन पर फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे ने अपने बालों को खुला छोड़ा है और अपने स्मोकी मेकअप से सबके होश उड़ाती नजर आ रहीं हैं। इस तस्वीर में अनन्या पांडे ने ड्रेस के साथ मैचिंग ऑरेंज जैकेट भी पहनी है। आपको बता दें कि बेहद कम समय में ही अनन्या पांडे ने बॉलीवुड में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के दम पर एक खास पहचान बनाई है। सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। अनन्या पांडे को उनकी लुक्स, पर्सनैलिटी, ड्रेसिंग सेंस और क्यूटनेस के लिए जाना जाता है।




# आयुष्मान ने ड्रीम गर्ल 2 के लिए फिर राज शांडिल्य और एकता कपूर से मिलाया हाथ



2019 में आई आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। यही वजह है कि काफी समय से दर्शक इसके सीच्ल का इंतजार कर रहे हैं। ड्रीम गर्ल में आयुष्मान के कॉमिक कैरेक्ट ने दर्शकों को आकर्षित किया था। फिल्म का निर्देशन राज शांडिल्य ने किया था, जबकि एकता कपूर फिल्म की निर्माता थीं। खबर है कि आयुष्मान ने ड्रीम गर्ल 2 के लिए फिर राज और एकता के साथ अपना हाथ मिलाया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान ने ड्रीम गर्ल 2 के लिए राज और एकता के साथ बातचीत की है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म ड्रीम गर्ल को फ्रेंचाइजी के रूप में बदलने के लिए आयुष्मान, एकता और राज उत्साहित हैं। टीम पिछले कुछ समय से स्क्रिप्ट पर काम कर रही है और चीजें फाइनल हो गई हैं। प्री–प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है और फिल्म की शूटिंग इस साल जून में शुरू होने की उम्मीद है। पहले भाग की तरह ड्रीम गर्ल 2 भी एक सोशल कॉमेडी फिल्म होगी। मनोरंजन के साथ–साथ फिल्म में दर्शकों के लिए एक खास संदेश भी होगा। सुनने में आ रहा है कि फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशंस को तय कर लिया गया है। साथ ही सेट्स की डिजाइनिंग का काम भी शुरू हो चुका है। जल्द फिल्म की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। आयुष्मान के अलावा बाकी कास्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

ड्रीम गर्ल में आयुष्मान के अलावा मनजोत सिंह और अन्नू कपूर भी अहम भूमिका में दिखे थे। विजय राज, नुसरत भरूचा और अभिषेक बनर्जी ने भी फिल्म में अपना जलवा दिखाया था। निर्देशन के अलावा फिल्म का लेखन भी राज ने ही किया था। कमाई के मामले में यह फिल्म काफी सफल रही थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 140 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

आयुष्मान जल्द ही फिल्म डॉक्टर जी में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के साथ बनी है। फिल्म में शेफाली शाह भी अहम भूमिका निभा रही हैं। आनंद एल राय की फिल्म एक्शन हीरो भी आयुष्मान के खाते से जुड़ी है। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी अनिरुद्ध अय्यर के कंधे पर दी गई है। देश के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक में भी आयुष्मान मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं।

आयुष्मान की फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी पिछले साल 10 दिसंबर को थिएटर में रिलीज हुई थी। यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई और इसने दर्शकों को निराश किया। फिल्म ने केवल 28 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। आप इसे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# आलिया भट्ट पुष्पा के अल्लू अर्जुन के साथ करना चाहती हैं काम



तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म श्पुष्पारू द राइजत्र की रिलीज के बाद अपने फैन फॉलोइंग में बड़े पैमाने पर वृद्धि की है, सुकुमार निर्देशन 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है और इसने अल्लू अर्जुन को एक अखिल भारतीय प्रशंसक दिया है। बॉलीवुड की प्रमुख महिलाओं में से एक, आलिया भट्ट भी तेलुगु अभिनेता की बहुत बड़ी प्रशंसक बन गई हैं और उनके साथ काम करने के किसी भी अवसर पर कूदने के लिए तैयार हैं। आलिया ने खुलासा किया कि वह अल्लू के साथ काम करने से ज्यादा खुश होंगी और उनका पूरा परिवार भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक है।

आलिया भट्ट ने एक बयान में कहा, मेरे पूरे परिवार ने पुष्पा को देखा है और अल्लू अर्जुन के प्रशंसक बन गए हैं। वे मुझसे पूछ रहे हैं कि मुझे उनके साथ जोड़ी बनाने का मौका कब मिलेगा। जब वे मुझे घर पर आलू बुलाते हैं, तो वे पूछ रहे होते हैं, श्आलू, तुम अल्लू के साथ कब काम करोगे?त्र अगर मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलता है तो मैं इसमें कूदने से ज्यादा खुश हूं।

हालांकि, अगर आलिया अल्लू अर्जुन के साथ काम करती हैं, तो यह उनका टॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ काम करने का पहला मौका नहीं होगा। अभिनेत्री एसएस राजामौली की श्आरआरआरत्र का हिस्सा हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर और राम चरण हैं। फिल्म 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

अल्लू अर्जुन की श्पुष्पारू द राइजत्र पिछले साल 17 दिसंबर को रिलीज हुई थी।

महामारी के बावजूद, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। पुष्पा का हिंदी डब वर्जन भी 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रहा।

अल्लू अर्जुन, अगली बार पुष्पा के दूसरे भाग में दिखाई देंगे, जिसका शीर्षक है– श्पुष्पारू द रूलत्र। सीच्ल का निर्देशन भी सुकुमार ही करेंगे।

जबकि आलिया भट्ट वर्तमान में फिल्म निर्माता और निर्देशक संजय लीला भंसाली द्वारा अभिनीत श्गंगूबाई काठियावाड़ीत्र की रिलीज के लिए तैयार हैं। पीरियड ड्रामा वेश्यालय प्रबंधक गंगूबाई कोठीवाली पर आधारित है, जिन्हें 1960 के दशक के दौरान कमाठीपुरा की सबसे शक्तिशाली, प्रिय और सम्मानित मैडम में से एक माना जाता है। यह फिल्म 25 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

# सैंडविच मेकर को आसानी से साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



सैंडविच मेकर की मदद से स्टफ ब्रेड या फिर रोल आदि को ग्रील करने में काफी कम समय लगता है। हालांकि, जब बात इसकी सफाई की आती है तो कई लोगों को मुश्किल होती है क्योंकि यह एक बिजली से चलने वाला उपकरण है और गलत तरीके से सफाई से यह खराब हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं जिन्हें आजमाकर आप सैंडविच मेकर को मिनटों में सुरक्षित तरीके से साफ कर सकते हैं।

सफाई करते समय जरूर बरतें ये सावधानियांः सैंडविच मेकर की सफाई करने से पहले इसका प्लग स्विच बोर्ड से निकाल दें ताकि किसी तरह के नुकसान से बचा जा सकें। इसके अलावा, सफाई की प्रक्रिया शुरू करने से पहले सैंडविच मेकर की प्लेट को थोड़ा ठंडा होने दें क्योंकि गर्म प्लेट पर रसायनों का इस्तेमाल करने से यह खराब हो सकता है। इसी के साथ सैंडविच मेकर की प्लेट को एक सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ लें।

बेकिंग सोडा और सिरका आएगा कामः सैंडविच मेकर को साफ करने के लिए बेकिंग सोडा और सिरके के मिश्रण का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए पहले इन दोनों को एक कटोरी में मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं, फिर इस घोल को सैंडविच मेकर की गंदी जगह पर लगाकर 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद सैंडविच मेकर को पहले किसी गीले स्पंज से दो से तीन बार पोंछे, फिर अंत में इसे सूखे माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछे।

बेकिंग सोडा और गर्म पानी भी है कारगरः इस तरीके से भी सैंडविच मेकर को आसानी से साफ किया जा सकता है। इसके लिए एक मुलायम कपड़े को गर्म पानी में कुछ देर के लिए भिगोएं। इस बीच सैंडविच मेकर की सतह पर बेकिंग सोडा की अच्छी–खासी मात्रा छिड़ककर उसे 10–15 मिनट के लिए छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद सैंडविच मेकर पर गर्म पानी से भिगे हुए कपड़े को हल्के हाथों से रगड़ें। इसके बाद किसी सूखे और साफ कपड़े से सैंडविच मेकर को पोंछे।

महत्वपूर्ण टिप्सः इन बातों का भी रखें ध्यानः भूल से भी सैंडविच मेकर को चलते पानी के नीचे रखकर साफ न करें क्योंकि इससे इसके हीटिंग एलिमेंट को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, जब आप सैंडविच मेकर में कुछ भी पकाएं तो इसके तुरंत बाद इसे साफ कर दें क्योंकि अगर आप देर करेंगे तो इसमें बनाई गई सामग्री के बचे हुए अवशेष सूख जाएंगे, जिनके कारण इसे साफ करना मुश्किल हो जाएगा। समय–समय पर सैंडविच मेकर की बाहरी सफाई पर भी ध्यान दें।